आइए गर्व के साथ मतदान करें
मनाएं लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज-12

वैशाख कृष्ण पक्ष 02, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 25 अप्रैल 2024, वर्ष-30, अंक- 187, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 73,852.94 ▲ +114.48
डॉलर 83.330 ▼ +0.055

**पलामू सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 71,110
चांदी (1 किलो) 80,740

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 82923 73444 संपर्क करें।

### भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री वीके सिंह व प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी

# वीडी राम, समीर उरांव, ममता व चमरा ने किया नामांकन

### ममता भुईयां के नामांकन में मौजूद रहे झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता

**मेदिनीनगर/लोहरदगा।** अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित पलामू लोकसभा सीट से बुधवार को चार नामांकन पत्र दाखिल हुए। भारतीय जनता पार्टी से विष्णु दयाल राम, राजद से ममता भुइयां, एयूसीआई (सी) से महेंद्र बैठा एवं भागीदारी पी से सत्येन्द्र कुमार पासवान ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं लोहरदगा सीट से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव व झामुमो विधायक चमरा लिंडा, लोकहित अधिकार पार्टी से रामचंद्र भगत ने भी बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। वीडी राम के नामांकन में पूर्व केंद्रीय मंत्री जेनरल वीके सिंह व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद थे। पलामू में अब तक अबतक आठ प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया है जबकि कुल 11 फार्म बिक चुके हैं। वहीं समीर उरांव के नामांकन के समय गुजरात के मुख्यमंत्री भुपेंद्र भाई पटेल, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, और लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत मौजूद रहे। मालूम हो कि चौथे चरण में पलामू सहित लोहरदगा, सिंहभूम और खूंटी में भी 13 मई को मतदान होगा। वीडी राम ने पर्चा दाखिल करने से पहले छह मुहान स्थित काली मंदिर में पूजा-अर्चना की।



बीजेपी के प्रत्याशी विष्णु दयाल राम नामांकन पत्र जमा करते।



राजद प्रत्याशी ममता भुईयां नामांकन पत्र जमा करते।



बीजेपी प्रत्याशी समीर उरांव नामांकन पत्र जमा करते।



चमरा लिंडा नामांकन पत्र जमा करते।

### इंडी गठबंधन प्रत्याशी भगत आज करेंगे नामांकन

**रांची।** लोहरदगा संसदीय क्षेत्र से इंडी गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत गुरुवार को नामांकन दाखिल करेंगे। इसके बाद टाउन हॉल गुमला में आमसभा का भी आयोजन किया गया है। नामांकन के दौरान कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल एवं ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की , शहजादा अनवर मौजूद रहेंगे।

**एक नजर**

### झारखंड में लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए भाजपा ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

**रांची।** राज्य में लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। बुधवार को जारी इस सूची के संबंध में केंद्रीय निर्वाचन आयोग को भी जानकारी दे दी है। इस सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित 40 नाम शामिल किए गए हैं। इस सूची में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, धर्मेंद्र प्रधान, पीयूष गोयल, अर्जुन मुंडा, मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, बिहार के मंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी के अलावा लक्ष्मीकांत वाजपेई, बाबूलाल मरांडी, गीता कोड़ा, सीता सोरेन, भानु प्रताप शाही, नीलकंठ सिंह मुंडा, रणधीर सिंह समेत प्रदेश भाजपा के कई नेता, विधायकों, पदाधिकारियों को भी जगह दी गई है।

## विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी वीडी राम को जीताएं : वीके सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने शिवाजी मैदान में भाजपा द्वारा आयोजित जन सभा को संबोधित हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए वीडी राम को जितायें। पहले निर्माण में घटियापन था, इस कारण ब्रिज, सड़कें बार-बार क्षतिग्रस्त और खराब हो जाती थी, लेकिन मोदी के आने के बाद ऐसा होना रूक गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए और मोदी के लिए भाजपा प्रत्याशी को जिताइये। उन्होंने कहा कि विकास के लिए वोट कीजिए। सिंह ने कहा कि भाजपा के लिए, मोदी के लिए, भाजपा प्रत्याशी वीडी राम को जीताइये, ताकि मजबूत सरकार बने।



### विकास कार्यों के आधार पर ही आशीर्वाद मांगने के लिए चुनाव मैदान में हैं : वीडी राम



**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रत्याशी वीडी राम ने कहा कि वे पलामू सिर कभी झुकने नहीं देंगे। सदैव पलामू के विकास के लिए काम किए हैं आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि दस साल के कार्यकाल के दौरान केन्द्र सरकार ने जितना विकास का काम किया है, उसको गिनाया नहीं जा सकता है। चारो तरफ विकास देखने को मिल रहा है। यही हाल पलामू संसदीय क्षेत्र में भी है। क्षेत्र के विकास के लिए वे काम करते रहे हैं। इस बार ये उन विकास कार्यो के आधार पर ही आशीर्वाद मांगने के लिए चुनाव मैदान में हैं।

## झारखंड राज्य भाजपा की देन : बाबूलाल मरांडी

### इंडी गठबंधन के लोग विकास विरोधी

### प्रचंड बहुमत से मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरे कार्यकाल के लिए भाजपा प्रत्याशी को जीताना जरूरी है। आप सभी लगातर भाजपा को जिताया है। इस बार आप भाजपा प्रत्याशी वीडी राम को जीताइये,यह निवेदन करने आया हूं। देश के प्रधानमंत्री ने गांव के गरीब,किसान, मजदूर,युवा की चिंता करते हैं। दिन रात उनके लिए काम कर रहे हैं। हमें ऐसे व्यक्ति को प्रचंड बहुमत से प्रधानमंत्री बनाना है। अलग झारखंड राज्य गठन भी भाजपा की देन है, अटल बिहारी बाजपेयी की देन है। उन्होंने कहा कि यदि इंडिया गठबंधन के लोग देश विरोधी हैं, विकास विरोधी हैं। झारखंड आंदोलन की लड़ाई वर्षो पुरानी थी। यहां के राज्य के लोगों की भावनाओं को कांग्रेस पार्टी राजद, झामुमो के नेताओं ने कभी सम्मान नहीं किया। भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो सभी का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम होटवार जेल में बंद हैं। गठबंधन के लोग कहते हैं उनका क्या कसूर हैं,तो उनका कसूर इतना बड़ा है कि बता नहीं पायेंगे। इडी ने 191 पेज में उसे लिखा है। उतना बताना मुश्किल होगा। बताने में दो दिन लग जायेंगे, लेकिन मोटा-मोटी बता हूं कि वो कोयल लुटवाये; लोहा लुटवाये; पत्थर को साफ कर दिया; पहाड़ को साफ कर दिया, बालू तक को बचने नहीं दिया। सेना की जमीन फर्जी कागज बनाकर बेचवा दिया और झामुमो पूछता है कि उनका कसूर क्या है। इससे भी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**आज के मैच**

समय : 25 अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : हैदराबाद में

### विकसित भारत, आदिवासियों के विकास व भ्रष्टाचारियों पर सख्ती के लिए भाजपा जरूरी : भूपेंद्र पटेल



**रांची।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल बुधवार को लोहरदगा के एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के नामांकन में शामिल हुए। गुमला में आयोजित विशाल जनसभा में उन्होंने कहा कि आदिवासियों के सर्वांगीण विकास, विकसित भारत और भ्रष्टाचारियों पर सख्ती के लिए भाजपा जरूरी है। किसानों को सम्मान निधि मिलती रहे, महिलाओं और बेटियों को इज्जत मिले, दुश्मन डरते रहे, इसके लिए भी भाजपा जरूरी है। गुजरात के मुख्यमंत्री ने कहा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मंच पर बेहोश होकर गिरे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी



**मुंबई।** यवतमाल जिले के पुसद में बुधवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को अचानक चक्कर आ गया। वे भाषण देते समय मंच पर बेहोश होकर गिर पड़े लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने गडकरी को संभाल लिया। कुछ देर तक उनका प्राथमिक इलाज किया गया और इसके बाद उन्होंने फिर से अपना भाषण पूरा किया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पुसद में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की उम्मीदवार राजश्री पाटिल के समर्थन में आयोजित प्रचार सभा को संबोधित कर रहे थे। संबोधन के दौरान अचानक वह बेसुध होकर गिर पड़े, जिसके बाद उनके आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें संभाला और तत्काल इलाज के लिए ले गए। चुनावी सभा समाप्त होने पर गडकरी की मेडिकल जांच की गई है और उनकी तबीयत में सुधार हुआ है। बाद में गडकरी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया, पुसद, महाराष्ट्र में रैली के दौरान गर्मी की वजह से असहज महसूस किया। लेकिन अब पूरी तरह से स्वस्थ हूं और अगली सभा में सम्मिलित होने के लिए वरूड के लिए निकल रहा हूं। आपके स्नेह और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद।

## लातेहार में पंचायत सेवक रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के महुआडांड़ प्रखंड के चटकपुर पंचायत में पदस्थापित पंचायत सेवक अनेश्वर प्रसाद को एसीबी की टीम ने बुधवार को चार हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार चटकपुर पंचायत के रहने वाले एक लाभुक को मनरेगा योजना से कुआं मरम्मत की योजना स्वीकृत हुई थी। लाभुक के द्वारा काम पूरा करवाने के बाद भुगतान के लिए पंचायत सेवक से पिछले कई दिनों से गुहार लगाई जा रही थी लेकिन पंचायत सेवक इसके लिए चार हजार रुपये रिश्वत मांग रहा था। पंचायत सेवक यह भी कह रहा था कि यदि रिश्वत नहीं दिया तो भुगतान नहीं किया जाएगा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### रामगढ़ अंचल का स्टाफ 10 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**रामगढ़।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बुधवार को रामगढ़ अंचल के कर्मी अनिल कुमार महली को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने हल्का तीन के कर्मचारी अमित कुमार लोहरा को भी हिरासत में लिया और उनके कार्यालय की तलाशी ली, जहां से कई अहम दस्तावेज बरामद हुए हैं। इस बाबत एसीबी एसपी आरिफ इकराम ने बताया कि हजारीबाग जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत चुरचू गांव निवासी प्रेम शंकर मेहता ने एक शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में की थी। उन्होंने कहा था कि रामगढ़ अंचल अंतर्गत ग्राम बनखेता में 10 ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**आजकल**




### साहिबगंज में किशोरी और परिवार के तीन सदस्यों पर तेजाब से हमला

**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज जिले में आज तड़के करीब तीन बजे कुछ लोगों ने परिवार के चार सदस्यों पर तेजाब से हमला किया। चारों गंभीर रूप से झुलस गए हैं। इनमें 15 साल की किशोरी भी शामिल है। यह वारदात राजमहल थाना क्षेत्र के अनुमंडलीय अस्पताल के पुराने भवन के पास अर्धनिर्मित मार्केट कांप्लेक्स की छत पर हुई है। सभी लोग इस कांप्लेक्स की छत पर सो रहे थे। आनन-फानन में सभी को राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. उदय टुडू की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद चारों पीड़ितों फुलवानो बेवा (60 ), हसीन बीवी (35), आलम शेख (25 ) और शबनम बानो (15) को हायर सेंटर धनबाद रेफर कर दिया। एसडीओ कपिल कुमार, एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी और थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ितों के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**इंडिया**

## सार्वजनिक मारपीट की बढ़ती राजनीति खतरनाक संकेत



सुनील बादल

**राजनीति** यानी राजकाज की नीति मयार्दा पुरुषोत्तम राम के देश में संसद या विधानसभा में बहस से बढ़ती हुई कपड़े फाड़ने माइक तोड़ने और असंसदीय आचरण से बढ़ती हुई अब सार्वजनिक मंचों पर मार कुटाई तक पहुंच गई है । पहले बिहार में ऐसी घटनाएं होती थीं पर अब असहिष्णुता और विरोध की नई रणनीति शुरू हुई है जो अच्छा संकेत नहीं कहा जा सकता। अमरोहा में गठबंधन की रार बढ़ी और कांग्रेस-आप कार्यकर्ताओं में मंच पर बैठने को लेकर मारपीट हुई। अमरोहा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस-समाजवादी पार्टी के गठबंधन प्रत्याशी दानिश अली का कार्यक्रम हो रहा था। मंच पर दानिश अली के साथ आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह भी मौजूद थे। उसी दौरान कांग्रेस के नेशनल कोऑर्डिनेटर पुनीत को मंच से उतारने को लेकर हंगामा हो गया। ऐसा रांची के प्रभात तारा मैदान में 'उलगुलान (विद्रोह) न्याय रैली' में पहुंचे कांग्रेस और राजद समर्थकों के बीच खून खराबे तक जमकर मारपीट की घटना संभवतः पहली बार हुई। चतरा सीट को लेकर राजद और कांग्रेस में चल रहे विवाद को लेकर यह मारपीट हुई। चतरा सीट पर राजद अपनी दावेदारी कर रहा था. चतरा सीट पर कांग्रेस ने के एन त्रिपाठी को उम्मीदवार बनाया है ।बाहरी उम्मीदवार बताकर राजद के कार्यकर्ता उनका विरोध कर रहे हैं। इस मारपीट में कांग्रेस उम्मीदवार के भाई का सर फट गया। रैली को सपा के प्रमुख अखिलेश यादव से लेकर आरजेडी के नेता और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया था ।लोहरदगा में बगावत हो चुकी वहां से झामुमो के विधायक चमरा लिंडा चुनाव का पर्चा दाखिल कर चुके हैं। पार्टी के निर्देश की अवहेलना करते हुए वह चुनाव लड़ेंगे। यहां पर उनकी उम्मीदवारी से इस तरह के एक-दो उम्मीदवार और भी मैदान में आ सकते हैं। ऐसे उम्मीदवारों को संभालने में कहीं-कहीं कार्यकताओं के बीच मारपीट की




नौबत आन पड़ती है। इसके पूर्व गोड्डा में पार्टी के अंदर ही प्रत्याशी के विरोध को देखते हुए रविवार को कांग्रेस ने वहां उम्मीदवार बदल दिया। लेकिन, मामला वहां भी शांत नहीं हुआ है।
यूपी के अमरोहा में बीजेपी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई थी ।वहां योगी सरकार में मंत्री बृजेश सिंह की मौजूदगी में बीजेपी के दो नेता मंच पर ही भिड़ गए। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है । राजनीति में विरोध मतभेद और मतभिन्नता स्वभाविक है पर जब विचारों से नीतियों से और चुनाव जैसी लोकतांत्रिक व्यवस्था को नकार कर मारपीट होने लगे तो तो बाद में हत्या जैसी घटनाएं भी सकती हैं जैसा पड़ोसी देश पाकिस्तान में होता रहा है। सभी राजनीतिक दलों को इसपर मंथन करना चाहिए और सरकार को भी। मारपीट जैसी बर्बरता और कानून व्यवस्था अपने हाथ में लेने जैसी बात यदि जनता जनार्दन के सामने हो रही हो तो यह और भी चिंताजनक इसलिए है क्योंकि नेता उन्हीं के प्रति जवाबदेह होते हैं और उनके फैसले पर आधारित बहुमत से न सिर्फ प्रजातंत्र की जड़ें ही मजबूत होती हैं बल्कि सर्वहित में यह शुचिता के पेड़ के रूप में पल्लवित पुष्पित होता है ।यदि जनता इसे पसंद करने लगे तो निरंकुशता में हम पाकिस्तान या अफगानिस्तान की तरह होने लगेंगे और यदि नापसंद करे तो भी नोटा जैसा विकल्प अपनाया जा सकता है जिससे भी स्वस्थ प्रतियोगिता नहीं होगी।

## रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि, विभाग अलर्ट

### आरआरआटी का गठन, अंडा खरीद-बिक्री पर रोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। आईसीएआर-एनआइएचएसएडी भोपाल में रांची के होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र के कुक्कुटों के जांच किये गये नमूनों में एच फाइव एन वन एवियन इन्फ्लुएंजा की पृष्टि बुधवार को हुई है। बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन की ओर से एक्शन प्लान के तहत रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी ) का गठन किया गया है। उपायुक्त सह-जिला-दंडाधिकारी, राहुल कुमार सिन्हा ने इस संबंध में आदेश जारी कर रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया है। प्रत्येक टीम में पशु चिकित्सा पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एव कर्मियों को जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक, कुक्कुट, क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवारी रांची से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया है। एक्शन प्लान के तहत आरआरटी के जरिये क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के शेष बचे कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं इसके बाद संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण क्लीनिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जाना है। एक्शन प्लान के तहत एपिसेंटर से एक किलोमीटर की परिधि में कुक्कुट पालन से संबंधित सर्वेक्षण का कार्य किया जायेगा। ताकि प्रशासनिक स्तर पर कुक्कुटों की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### आरोपी गोल्डन को किया गया जिला बदर

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल के विभिन्न थाना में कई मामलों के नामजद एक आरोपी को जिला बदर किया गया है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि वर्तमान में शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन जमानत पर जेल से बाहर आए गंभीर मामलों के नामजद आरोपियों को जिला बदर किया जा रहा है। इसका अनुपालन करते हुए हैदरनगर थाना क्षेत्र के हेमजा गांव निवासी सुमंत सिंह के पुत्र गोल्डन सिंह उर्फ विभूति नारायण सिंह को जिला बदर किया गया है। इन पर पूर्व से कई थाना में विभिन्न गंभीर मामला दर्ज है।

### बाइक सवार दो युवकों की मौत

**मेदिनीनगर।** रांची-डालटनगंज मुख्य पथ पर मंगलवार की रात करीब10.30 बजे लहलहे में बन रहे एनएच-75 फोरलेन के डायवर्सन पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई है, जबकि एक अन्य युवक जख्मी है। हालांकि घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल तीनों युवकों को इलाज के लिए डालटनगंज सदर अस्पताल भेजा था, जहां दोनों युवकों की मौत होने की पुष्टि चिकित्सकों द्वारा करने के बाद पुलिस को सूचना दिए बगैर परिजन शव घर ले आए। बुधवार को अंतिम संस्कार करा दिए जाने की भी सूचना है। इधर, बताया जाता है कि एनएच-75 पर उड़ रही धूल की वजह से बाइक सवार युवकों को डंपर ने अपनी चपेट में ले लिया और फरार हो गया। बाइक पर सवार सभी युवक सतबरवा प्रखंड अंतर्गत लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से बारात में शामिल होने जा रहे थे। घटना के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई। वही मृत युवक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है। एक युवक सतबरवा प्रखंड के धावाडीह पंचायत का तथा दूसरा मृतक युवक सदर थाना क्षेत्र के चियांकी गांव का निवासी है।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौत, दर्जनों घायल, रेफर




नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के अलग अलग जगहों पर दो सड़क दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर मौत हो गयी,वहीं दर्जनों से अधिक लोग घायल हो गए। आपको बता दे कि छत्तरपुर की पहली घटना एनएच 98 के उदयगढ़ मोड़ के पास घटी, जहाँ तेज रफ्तार में जा रही स्कोर्पियो ने टेम्पू में धक्का मार दिया । इस घटना में आधे दर्जन से अधिक लोग मौके पर जख्मी हो गए। स्थानीय लोगो के सहयोग से सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल छत्तरपुर लाया गया। जहाँ चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया हैं। वहीं , दूसरी घटना छतरपुर जपला मुख्यपथ के गोपलापुर में घटी, जहां दो बाइकों की आपस में आमने सामने की टक्कर हो गई, जिसमें एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनो मोटरसाइकिल विपरीत दिशा से आ रहे थे। इसी बीच गोपलापुर के पास दोनों का आपस मे टक्कर हो गई, जिसमे बाइक सवार छोटू यादव ग्राम डुमरिया का घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घायल व्यक्ति में धर्मेंद्र विश्वकर्मा 22 वर्ष बगैया,सुगन्धि कुमारी 13 वर्ष बगैया, अवधेश यादव 22 वर्ष कव्वल, सुनैना कुंवर 60 वर्ष बगैया गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। लोगों के द्वारा सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर लाया गया। जहां डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर भेज दिया गया।

# कई दिन से ठप है पानी की सप्लाई जलापूर्ति चालू कराने की मांग


फाइल फोटो

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के पूर्व नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र देकर शहर में यथाशीघ्र पेयजलापूर्ति चालू करने की मांग की है। दिए गए पत्र में उन्होंने बताया है कि हुसैनाबाद शहर में 18 अप्रैल से पानी सप्लाई बंद है। इस भीषण गर्मी में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है कई बार मौखिक रूप से अवगत कराने के बाद आप के द्वारा आश्वासन मिलता है कि मोटर रिपेयरिंग हो रही है। उसके बाद सप्लाई शुरू कर दी जायेगी और जब मोटर बनकर लगता है तो फिर भी पानी की सप्लाई शुरू नही हो पाती है, फिर पता चलता है कि मोटर का बैरिंग मार दिया है। आखिर ये सिलसिला कब तक चलता रहेगा। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए ठोस पहल कर जल्द से जल्द पानी आपूर्ति शुरू करने की मांग की है। उन्होंने पत्र की प्रतिलिपि हुसैनाबाद एसडीओ व पलामू उपायुक्त को भी दिया है।वहीं बुधवार को पूर्व पार्षद सुहैल आलम ने भी देवरी स्थित पंप हाउस का जायजा लिया। इस संबंध में नपं के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने बताया कि मोटर में तकनीकी खराबी के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित है।मोटर ठीक करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। एक से दो दिनों के अंदर शहर में पेयजल आपूर्ति चालू कर दी जाएगी।

# शाहपुर विवेकानंद चौक के किनारे गिरा होर्डिंग, बाल-बाल बचे राहगीर



नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर विवेकानंद चौक के समीप सड़क के किनारे लगा हुआ होर्डिंग मंगलवार की रात जरा सा हवा चली और वह गिर गया। गनीमत थी कि होर्डिंग रात में गिरी अगर यही होर्डिंग दिन में गिरती तो कई लोग जख्मी हो सकते थे। वहीं, नगर निगम क्षेत्र में बिना मानक के लगे होर्डिंग बोर्ड शहर को विज्ञापनों का शहर बना रहे हैं। शाहपुर में बना होर्डिंग मात्र एक से डेढ़ फीट गड्ढा खोदकर पाईलिंग करते हुए पोल को खड़ा कर दिया गया है जो कि अब दुर्घटना का सबक बन रहा है। गिरा हुआ होर्डिंग नट के साथ उखड़ कर गिर गया और सड़क भी जाम हो गई। आनन-फनन में लोगों ने होर्डिंग को रास्ते से किनारे हटाकर रख दिया। हालत यह है कि शहर में जिधर देखिए उधर केवल होर्डिंग बोर्ड नजर आने लगा है। नियम और मापदंड के धज्जियां उड़ाते हुए जहां- तहां होर्डिंग बोर्ड लगाकर होर्डिंग मालिक कमाने का संसाधन बना रहे हैं, लेकिन आमजन की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ भी किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस तरह का होर्डिंग बोर्ड एक से दो महीने में मेदिनीनगर शहर में दर्जन से अधिक लग चुके हैं। जिसकी जांच जिला प्रशासन या नगर निगम के सक्षम पदाधिकारी से होनी चाहिए थी जो कि बिना जांच हुए ही ऐसे बोर्ड लगा दिए गए हैं। इस दुर्घटना से क्षेत्र के लोगों में काफी रोष है। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सभी बोर्ड को अविलंब हटाया दिया जाये।

### सहायक के बाइक पर नम्बर के जगह प्रशासन है लिखा, कार्रवाई की मांग

**मोहम्मदगंज।** यूं तो नंबर प्लेट वाहनों की पहचान के लिए होती है। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत नियमानुसार वाहनों में नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है, परंतु मोहम्मदगंज प्रखंड में कार्यरत प्रभारी प्रधान सहायक मो.इसराइल अपने बुलेट मोटरसाइकल के पीछे प्लेट नंबर की जगह प्रशासन लिख कर पूरे क्षेत्र में अपनी पहचान की धौंस जमाते दिख रहे है। जब ऐसे खुद कानून की रक्षा की पाठ पढ़ने वाले सरकारी कर्मी ही ऐसा कर रहे है तो आम आदमी सहित जनप्रतिनिधि को कौन रोकेगा। खैर आम आदमी तो वाहन चेकिंग अभियान में पकड़ा जाता है और जुर्माना के बाद ही रिहाई मिलती है, तो फिर इन महोदय पर प्रशासन इतना मेहरबान क्यों? जबकि अभी लोकसभा आम चुनाव को लेकर आचार संहिता लगी हुई है, तो क्या सिर्फ आम आदमी के लिए ये नियम कानून है।




# मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित




नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** विक्टोरिया मेमोरियल पब्लिक स्कूल सह कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों ने मैट्रिक की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर प्रखंड का नाम रोशन किया है। कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले बच्चों का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। इसमें पढ़ने वाली प्रिया कुमारी 92.6, नंदनी कुमारी 92. 2, कंचन 90.8, ईशा सिंह 89, सिमरन परवीन 82.4, नूरी फातिमा 79.6, परी कुमारी 73.2, मुन्ना कुमार 79.6 राकेश कुमार 73.2, मोहित कुमार 72.2, नवीन कुमार 71.2, नवाजिश 80.2, मोहम्मदी 73.2, राहुल 75.2, कृष 69. 2 प्रतिशत अंक लाकर कोचिंग सेंटर व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रिजल्ट से उत्साहित छात्र- छात्राओं ने इसका श्रेय कोचिंग सेंटर के शिक्षकों को दिया है। वहीं संस्थान द्वारा मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियो को संचालक अजय कुमार सिंह ने सम्मानित किया। इस मौके पर श्री सिंह ने अच्छे परिणा लाने के लिए अध्यापकों और विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम को बताया है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान के छात्र-छात्राओं का रिजल्ट कई वर्षो से शत प्रतिशत होते आ रहा है। मौके पर संस्थान के संचालक अजय कुमार सिंह, शिक्षक महताब आलम सहित कई लोग मौजूद थे।

# शुद्ध पानी देने का है लक्ष्य : मो. महमूद

### उद्घाटन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि समेत कई लोग हुए शामिल



नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** थाना रोड स्थित बाबा मैरिज हॉल परिसर में बुधवार की दोपहर पांकी प्रखंड का पहला एक्वा आरओ केयर प्रतिष्ठान का भव्य शुभारंभ किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम के पूर्व कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधि समेत प्रबुद्धजनों को दुकान के संचालक मोहम्मद महमूद के द्वारा फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत कर किया गया। दुकान के संचालक ने बताया कि प्रखंड वासियों की आवश्यकताओं को देखते हुए पहली बार पांकी में एक्वा आरओ केयर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया गया है। उक्त दुकान में कई ब्रांड के वॉटर प्यूरीफायर की बिक्री एवं उनके स्पेयर पार्ट्स की बिक्री के साथ लोगों को उचित मूल्य पर सर्विस की भी सुविधा दी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि यहां पर घरेलू एवं व्यवसायिक आरओ मशीन की सर्विस की जाएगी। आपको बता दें की प्रखंड के कई क्षेत्रों में पीने युक्त पानी का घोर अभाव है इस समस्या को वॉटर प्यूरीफायर के द्वारा ही दूर किया जा सकता है दूषित पानी पीने से हम कई बीमारियों को आमंत्रित करते हैं इसलिए आज लगभग हर घर के लोग स्वच्छ पानी हेतु वॉटर प्यूरीफायर का सहायता ले रहे हैं। ऐसे में पांकी प्रखंड जैसे छोटे क्षेत्र में उक्त प्रतिष्ठान के खुलने से प्रखंड वासियों को वॉटर प्यूरीफायर संबंधित समस्याओं का समाधान होने की संभावना जगी है। जिससे लोगों में हर्ष का भी माहौल है। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मौके पर पंचायत के प्रतिनिधि समेत समाजसेवी अजय विश्वकर्मा, सज्जाद हुसैन, नौशाद अंसारी, शन्नी, अरविंद पांडे, प्रमोद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# हनुमान जी की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनायी गयी



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** बल, बुद्धि, विद्या के देवता देवाधिदेव महादेव के रुद्रावतार रामभक्त हनुमान जी की जयंती मंगलवार को पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। मोहम्मदगंज स्टेशन रोड स्थित निर्माणाधीन हनुमान मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु पूजा अर्चना में जुटे रहे। शाम में हनुमान भक्त युवाओं ने हनुमान की तस्वीर की पूजा अर्चना, आरती और जयकारे के साथ 108 दीप जलाकर, प्रसाद चढ़ाकर जयंती को पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। हनुमान भक्तों ने ग्रामीणों सहित दुकानदारों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया। इस मौके पर सच्चिदानंद सिंह, रामजन्म राम, कुंदन चौरसिया, कामेश्वर सिंह, राकेश सिंह, बिट्टू सिंह, सनी कुमार, रविरंजन सिंह, मनटु यादव, छोटू यादव, भुंडुल कुमार, प्रभात सिंह, रौशन कुमार, अंगद सिंह, शिवम सिंह, आशीष, गोलू, सोनू उर्फ फुदर, दीपक हुड्डा, आर्यन, आकाश, गुड्डन, राजू कुमार अमरकांत, दीपक, हिमांशु, विक्की सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# आदिवासी समाज के लोगों ने झंडा बदली कार्यक्रम पर की पूजा अर्चना

### पारंपरिक तरीके से कार्यक्रम हुआ संपन्न सैकड़ो लोग रहे मौजूद



नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** पांकी प्रखंड के माड़न पंचायत अंतर्गत सुरजवन गांव में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पारंपरिक तरीके से झंडा बदली कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आदिवासी समाज के लोगों ने पारंपरिक तरीके से विधिवत पूजा-अर्चना कर गीत व नृत्य करते हुए पाहन के हाथों झंडा बदली कार्यक्रम किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी रफीक अंसारी समेत अन्य अतिथियों के आगमन पर उन्हें स्वागत कर किया गया। इसके बाद पाहन के हाथों झंडा बदली कार्यक्रम कर महाप्रसाद का भी वितरण किया गया। मौके पर राम अवतार उरांव, पाहन सुंदरलाल उरांव, रामू उरांव, पंखराज उरांव, बांधव उरांव, जंतर उरांव, सुदेश यादव उर्फ गुरुजी, अजय पासवान, सरजू मांझी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पुलिस ने पांच क्विंटल जावा महुआ 40 लीटर शराब को किया नष्ट




नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** पलामू लोकसभा चुनाव के मध्य नजर देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पाटन प्रखंड के नावा जयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नावा जयपुर गांव में थाना प्रभारी कमल किशोर पाण्डेय के नेतृत्व में छापामारी अभियान में 5 क्विंटल अवैध जावा महुआ एवं करीब 40 लीटर अवैध देसी महुआ शराब को नष्ट किया। साथ ही शराब बनाए जाने वाले उपकरण को भी ध्वस्त किया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव तक यह अभियान चलाया जाएगा। ताकि कोई भी व्यक्ति शराब पीकर आपस में सौहार्द ना बिगाड़े।

# पाटन में बिजली की व्यवस्था लचर शाम अंधेरे में बीता रहे हैं ग्रामीण

- क्षेत्र में 11000 वोल्ट की बिजली तार पोल जर्जर
- बिजली के परेशानी से ग्रामीण क्षेत्र के लोग जूझ रहे है
- क्षेत्र में पढ़ने-लिखने वाले बच्चे पर भी अंधेरा का असर
- कई किसान बिजली के सहारा पर अपना खेती-बारी करते हैं



नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** प्रखंड में बिजली की लचर व्यवस्था से ग्रामीण परेशान है। बिजली की आंख मिचौली की तरह बिजली गुल रहती है। प्रखंड के कई क्षेत्र में 11000 वोल्ट की बिजली तार पोल जर्जर अवस्था में है। बिजली के परेशानी से ग्रामीण क्षेत्र के लोग जूझ रहे हैं। अभी गर्मी का मौसम में लोग गर्मी से निजात पाने के लिए पंखा कूलर का इस्तेमाल करते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में पढ़ने-लिखने वाले बच्चे पर भी अंधेरा का असर देखने को मिलता है। ग्रामीणों का कहना है कि शाम होते ही बिजली गुल हो जाती है। इस कारण पढ़ने - लिखने वाले बच्चे लैंप जलाकर किसी तरह पढ़ाई करते हैं। कई किसान बिजली के सहारा पर अपना खेती-बारी करते हैं। उन लोगों को भी मोटर नहीं चलने पर खेती पर बुरा असर पड़ता है। इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारी समेत कर्मी कभी भी क्षेत्र में बिजली का मरम्मत करवाने के लिए तत्परता दिखाते नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग द्वारा प्रत्येक महीने बिजली की लाभुक से बिल भुगतान करवाती है। लेकिन बिजली पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलती है। अति सुंदरवर्ती क्षेत्र में बिजली नहीं के ही बराबर मिलती है।

# व्यावसायिक शिक्षा व प्रदर्शनी का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** शहर स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय हरिहरगंज में व्यावसायिक शिक्षा व प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक शिक्षा के उद्देश्य एवं महत्व की जानकारी दी गयी। विषय विशेषज्ञ शिक्षिका किरण कुमारी मेहता ने व्यवसायियों की जानकारी प्रदान की। साथ ही व्यावसायिक शिक्षा की उपयोगिता एवं रोजगार की संभावनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 8 तक के छात्राओं द्वारा स्व निर्मित खाद्य सामग्री जिसमें समोसा, दही बड़ा, मोमोज, मैनचुरीयन आदि सामग्री का स्टॉल लगाया गया था।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका पुष्पा कुमारी, सीआरपी ओमप्रकाश मिश्रा, शिक्षक बसंत कुमार उदय कुमार, उज्जवल कुमार, शिक्षिका उषा देवी, सविता कुमारी, विभा कुमारी, किरण कुमारी मेहता, पुनम कुमारी आदि मौजूद रहे।

## सुप्रभात पलामू



### पलामू वासियों को नमस्कार।

18वीं लोकसभा चुनाव के इस महापर्व में यह संकल्प लें कि आगामी 13 मई को अपने नजदीकी मतदान केन्द्रों पर जाकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोटिंग जरूर करेंगे।

**कुमार अरबिन्द बेदिया**
**हरिहरगंज बीडीओ सह सीओ , हरिहरगंज, पलामू।**

## बिजली पोल पर रेडियम लाईट की व्यवस्था हो

**मेदिनीनगर।** शहर के मुख्य मार्गो पर बिजली के लगे रहते हैं। रात के समय सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को बिजली रहने पर तो वो पोल दिखाई देते है लेकिन लाईट नहीं रहने पर लोहे के बने बिजली के पोल साफ-साफ नहीं दिखाई देते हैं। इस कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। बड़े वाहनों में दूर तक की रोशनी होने कारण वे बिजली के पोल को तो बड़े वाहन देख लेते है लेकिन छोटे दो पहिया वाहन अच्छी तरह नहीं देख पाते। इस लिए वैसे बिजली के पोलों पर रेडियम लाईट लगाने की व्यवस्था की जाय जिससे दुर्घटना से बचा जा सके।

## इलाज के दौरान एक की मौत पांच दिन पहले हुआ था भर्ती

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में बीती रात इलाज के दौरान एक 50 वर्षीय साधु की मौत हो गई। इस संबंध में सदर अस्पताल के कर्मियों ने बताया कि कुछ दिन पहले साधु को किसी व्यक्ति के द्वारा घायल अवस्था में मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद भी साधु महात्मा की स्थिति गंभीर बनी हुई थी। इसी बीच मंगलवार की रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। गर्मियों ने बताया कि इस घटना की जानकारी शहर थाना के पुलिस को दे दी गई है। पुलिस के द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अति संवेदनशील बूथों पर अधिकारियों ने चलाया जागरूकता अभियान, कहा- वोट आपका अधिकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के निदेर्शानुसार आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मनातू थाना अंतर्गत आने वाले असुरक्षित बूथों की श्रेणी में रखे गए देवडीह, पदमा और आस पास के गांव में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार झा, मनातू बीडीओ, सीआरपीएफ 112 कंपनी के सहायक कमांडेंट, थाना प्रभारी निर्मल उरांव व शस्त्र बालों के द्वारा पैदल मार्च किया गया। आस पास के ग्रामीणों के साथ संवाद कर उन्हें



बिना किसी भय, प्रलोभन, दबाव के मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्हें प्रशासन के बीच आपसी समंजस्य के साथ मतदान सफल करने के लिए प्रेरित भी किया गया। वहीं, मौके पर उपस्थित मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने ग्रामीणों से कहा कि चुनाव के दौरान यदि कोई व्यक्ति पैसे का प्रलोभन और भय बना कर मतदान करवाना चाहता है तो इसकी सूचना पुलिस को तुरंत दें।

# हम सांसद नहीं मंत्री बनाएंगे : अरुणा शंकर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** नॉमिनेशन हेतु प्रथम महापौर अरुणा शंकर के नेतृत्व में काफी संख्या में गाजा बाजा के साथ भाजपा की पदाधिकारी, महिलाएं, युवा, लड़कियां केसरिया रंग का साफा पहने हुए आकर्षण केन्द्र थी। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने कहा कि हम भाजपा एवं शहर की महिलाएं अपने सांसद को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया है, ताकि हमारे सांसद इस बार सांसद नहीं मंत्री बनें और हमारे क्षेत्र का चौमुखी विकास हों।

## एक नजर

### वीडी राम को जीताने के लिए जनता है तैयार : ज्योति पांडे

**मेदिनीनगर।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष ज्योति पांडेय की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर लोकसभा चुनाव प्रधान कार्यालय मेदिनीनगर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान भाजपा प्रत्याशी बीडी राम को जिताने को लेकर रणनीति बनाई गई।बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि पार्टी के कर्मठ कार्यकताओं के दम पर लोकसभा चुनाव में पलामू लोकसभा प्रत्याशी बीडी राम का प्रचंड बहुमत से जीत होगी। विपक्षी दलों के लोग जनता के बीच में तरह तरह का भ्रम फैला रहा है लेकिन आम जनमानस मोदी सरकार की विकास नीति पर अपनी मुहर लगा रहा है।बीडी राम प्रचंड बहुमत से चुनाव जीत कर पुनः देश में भाजपा की मोदी सरकार बनाने में पलामू लोकसभा की महत्त्वपूर्ण भुमिका अदा करेंगे। ज्योति पांडेय ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी बीडी राम ऐतिहासिक मतों से चुनाव जीतेंगे मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षो में सिर्फ जनहित में अनेकों योजनाएं बनाई हैं जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिला है।भाजयुमो कार्यकर्ता बुथ स्तर पर युवाओं से लगातार जनसंपर्क चला रहें हैं भाजपा प्रत्याशी बीडी राम को जिताने के लिए युवा तैयार है। मोर्चा महामंत्री श्वेतांक गर्ग ने कहा कि लोकसभा चुनाव में युवाओं की अहम भूमिका होगी।

# बारात में हुई मारपीट, दो युवक गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चांदो कोरीयाडीह टोला निवासी धर्मदेव सिंह के पुत्र जितेंद्र कुमार और उसी गांव के एक युवक अनुज कुमार को मंगलवार की रात कुछ विवाद को लेकर बारात में लड़की पक्ष के लोगो ने लाठी डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में घायल के परिजनों ने बताया कि जितेंद्र सिंह



और अनुज कुमार मंगलवार की रात अपने गांव के राजपती सिंह के बेटे के बारात में सतबरवा थाना क्षेत्र के पोलपोल गांव गए थे। वहां पर उनका किसी बात को लेकर लड़की पक्ष के लोगों से बहस हो गई। नौबत यहां तक आ गई कि लड़की पक्ष और उनके बीच मारपीट होने लगी। मारपीट में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। अन्य बारातियों के द्वारा इस घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही मंगलवार की रात में ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी जितेंद्र सिंह की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जबकि अनुज कुमार इलाज के बाद खतरे से बाहर है। इलाज के बाद वह अपना घर चला गया है।

# सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत,एक की स्थिति गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के नौरंगा गांव और सदर थाना क्षेत्र के मटपुरही गांव के तीन युवक मोटरसाकिल सवार होकर मंगलवार की रात मेदिनीनगर शहर के बेलवाटिकर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में अज्ञात वाहन ने उन्हें धक्का मार दिया, जिसमें तीनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के क्रम में दोनों युवकों की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। घायल का इलाज सदर अस्पताल में ही चल रहा है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पोस्टमार्टम करवाए ही शव को दाह संस्कार कराने के लिए घर लेकर चले गए।मृतक की पहचान लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के नौरंगा गांव



पहुंचे। सदर अस्पताल में परिजनों का रो-रोकर होकर बुरा हाल था। वही बुधवार की सुबह मृतक के परिजनों ने सदर अस्पताल में बिना निवासी विनोद राम के पुत्र मनदीप कुमार उम्र 18 वर्ष और मटपुरही गांव निवाशी गोपाल राम के पुत्र आदित्य कुमार के रूप में की गई है।

# वीडी राम के रोड शो में उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी सह पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने बुधवार को नामांकन के बाद शिवाजी मैदान में जनसभा की। नामांकन कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, नागरिक उद्यान राज्यमंत्री एवं पूर्व सेना प्रमुख जनरल वी.के. सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, बालमुकुंद सहाय, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह समेत कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। जनसभा में भाग लेने से पहले समाहरणालय तक रोड शो किया गया, जिसमे भाजपा के हजारों नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे। मौके पर भाजपा प्रत्याशी सह सांसद विष्णुदयाल राम ने कहा कि उन्होंने आज अपना नामंकन किया है। और दस साल के कार्यकाल में उन्होंने पलामू में बेहतर कार्य किया है और इस बार चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद वे पलामू लोकसभा क्षेत्र में आम जनता की हर सुविधा मुहैया कराएंगे। पलायन, सिंचाई, बिजली समेत अन्य समस्याओं से निजात दिलाना।

# बेतला नेशनल पार्क में बायसन अपने बच्चों के साथ कर रहे हैं विचरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला नेशनल पार्क में इन दिनों बायसन और उनके छोटे बच्चे अच्छी खासी संख्या में दिखाई दे रहे हैं। इस बात की पुष्टि वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट देहरादून से आए बायोलॉजिस्ट ह्रतिक धामी ने की है। धामी ने बताया कि बायसन और उनके छोटे बच्चे जो तीन चार की संख्या में है। वे पानी के स्रोत के अगल-बगल देखे जा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह सभी बायसन के बच्चे पूर्णता स्वस्थ है और इस बात को साबित करते हैं कि बेतला नेशनल पार्क में नर और मादा बायसन मौजूद हैं। यदि नर और मादा बायसन नहीं होते तो यहां बायसन के बच्चों का जन्म



असंभव था। धामी ने बताया कि यह बड़े बायसन और उसके बच्चे झाड़ियां में रहना ज्यादा पंसद करते हैं। गर्मी के कारण यह प्रायः सूरज ढलने के बाद रात में दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि जो भी पर्यटक पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला नेशनल पार्क में आते हैं। उनकी पहली इच्छा बाघ देखने की होती है, लेकिन बाघ देखना जरा कठिन है। वहीं, बायसन आसानी से पर्यटकों को दिखाई दे जाते हैं। उन्होंने बताया कि यहां के दो दर्जन से भी अधिक टूरिस्ट गाइड बायसन के बारे में अपने पर्यटकों को पूरी जानकारी दिया करते हैं । बेतला नेशनल पार्क के बायसन की एक और बड़ी विशेषता है यह देखी गई है कि बेतला नेशनल पार्क का कोई भी बायसन इंसानी आबादी वाले क्षेत्र में नहीं जाता है। भले ही हिरण पानी की तलाश में इंसानी बस्ती की ओर चले जाते हैं। लेकिन, आज तक ऐसी कोई भी रिपोर्ट नहीं है कि बायसन या उसके बच्चे इंसानी आबादी वाले क्षेत्र में गये हों। बायसन और उसका परिवार पूरी तरह से बेतला नेशनल पार्क में ही रहता है। पलामू टाइगर रिजर्व इस बात के प्रयास में है कि जो बायसन टाइगर रिजर्व के केवल उत्तरी प्रमंडल में हैं, उन्हें दक्षिणी प्रमंडल में भी बसाया जाए।

# 500 मंदिरों में हुआ हनुमान चालीसा का पाठ



### विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए उमड़े श्रद्धालु

चैनपुर में हनुमत व जन्मोत्सव को लेकर विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की धूम रही। चैनपुर महावीर मंदिर में नागरिक मंच के तत्वावधान में हनुमत पूजा एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान दिवाकर पाठक एवं सविता की टीम ने सुंदरकांड का पाठ किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद वीडी राम, पूर्व मेयर अरुण शंकर, उपमेयर मंगल सिंह, चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर समेत कई लोग शामिल है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर प्रांत पलामू जिला में लगभग 500 मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ और महा आरती का आयोजन किया गया। जिले के सभी 21 प्रखंडों और 250 से ज्यादा पंचायतों तथा कई गांवों में यह कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और समान विचार धारा वाले संगठनों द्वारा किया गया। मुख्य कार्यक्रम संध्या 7 बजे मेदिनीनगर के मुख्य बाजार स्थित महावीर मंदिर में किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबियों की सहभागिता रही। मुख्य कार्यक्रम में पूर्व महापौर मंगल सिंह, उपाध्यक्ष अजीत पाठक, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सह मंत्री अमित तिवारी, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, समरसता सह प्रमुख रवि तिवारी, बलो पासना प्रमुख विकास कश्यप, प्रचार प्रसार प्रमुख सुरेश वर्मा, कोषाध्यक्ष राजीव गोयल, दिवाकर मिश्र, विशेष संपर्क प्रमुख किशोर पाण्डेय, नगर विहिप अध्यक्ष दीपक प्रसाद, नगर विहिप मंत्री दीपक सिंह, नगर बजरंग दल संयोजक दिलीप गिरी सहित कई लोग शामिल थे।

इंडिया गठबंधन की हाउसिंग कॉलोनी मैदान हुई आम सभा

# अगर विकास करना है तो गठबंधन प्रत्याशी ममता भुइयां को जिताना होगाः सत्यानंद भोक्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के नॉमिनेशन के मौके पर बुधवार को हाउसिंग कॉलोनी मैदान में सभा का आयोजन किया गया। मौके पर राजद के राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व मंत्री अब्दुल बारीक सिद्दीकी, झारखंड मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बिहार विधानसभा सदस्य वीरेंद्र यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा,प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव,पूर्व मंत्री देवलाल भुइयां उपस्थित थे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व मंत्री अब्दुल बारीक सिद्दीकी ने कहा कि आज वोट की चोट देने की जरूरत है। देश के संविधान में सभी लोगों को समान अधिकार मिला है अपने



अधिकार को खोने नहीं देना है। झारखंड मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि भाजपा सरकार 10 सालों से सरकार में है। भाजपा सरकार सिर्फ वादा करने जानती है पर उसे पूरा नहीं करती। उसने वादा किया था कि सभी बेरोजगारों को रोजगार देंगे, किसानों को राहत देंगे,आदर्श गांव बनाने की घोषणा की गई पर आज तक घोषित आदर्श गांव को कोई सुविधा उपलब्ध नहीं मिली। अगर विकास करना है तो गठबंधन प्रत्याशी ममता भुइयां को वोट देकर जितना होगा। बिहार विधायक भाई वीरेंद्र यादव ने कहा कि बिहार आंदोलन की धरती है। बिहार जब भी अंगड़ाई लेती है तो परिवर्तन होता है। इस बार भी बिहार अंगड़ाई ले चुकी है, इसलिए भाजपा सरकार को हारने के लिए गठबंधन प्रत्याशी को वोट देकर भारी मतों से विजय बनाएं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा ने कहा कि जो संविधान में हम सभी को अधिकार मिला है उसे बचाने के लिए जागरूक होकर भाजपा सरकार को हराना होगा। भाजपा सरकार में आएगी तो संविधान में परिवर्तन कर गरीब दलित किसान मजदूर के हक छीन लेगी। गठबंधन प्रत्याशी ममता भुइयां ने कहा कि 18वीं लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है कुछ लोग इस पर्व मानते हैं पर यह पर्व नहीं, बल्कि लोकतंत्र के मजबूत करने का समय है। मौके पर राजद के ज्ञानचंद पांडे,तारकेश्वर आजाद, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा केदार यादव, प्रमोद यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, मणिकांत सिंह जेएमएम जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंहा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### गर्मी बढ़ने से स्कूली बच्चों को हो रही है परेशानी

**मेदिनीनगर।** गर्मी शुरू होते ही स्कूलों का टाइम बदल दिया गया है। इस कारण लोग गर्मी से तो बच रहें हैं। लेकिन सुबह 4-5 बजे उठने के कारण बच्चों के अभिभावक काफी परेशान हो गये हैं। बस स्टोपेज पर पहुंचने के लिए बच्चों को 4-5 बजे ही सुबह-सुबह उठाना माता-पिता की मजबूरी हो गई है। साथ ही उनके लिए टीफिन बॉक्स तैयार करना बच्चों को तैयार करना ये सब सुबह ही करना पड़ता है। इसके बाद बच्चों को तैयार करने के साथ-साथ खुद को भी तैयार करना पड़ता है। इसके बाद तेज धूप में बच्चों को बस स्टोपेज से लाना पड़ता है। कई जगह चिल्ड्रेन शेड नहीं होने के वजह से बच्चों को और उनके अभिभावकों को काफी परेशानी होती है।

# आप नबियों के सुल्तान हैं या नबी रब ने बख़्शा है वो मर्तबा आपका...



**मेदिनीनगर।** अदबी संसार ने 32वीं तरही नातिया मुशायरा में बुधवार को एक शाम, शाहिद अनवर के नाम राहत नगर स्थित मो. सलीम के आवास पर आयोजित कराया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शाहिद अनवर, जबकि संचालन हाजी शमीम रजवी, कारी गुफ़रान रजा व मो. यूनुस रजवी, ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों का स्वागत अदबी संसार के संस्थापक एम.जे. अजहर ने किया। मौके पर समाजसेवी सैय्यद मो. कलाम ने क्रमशः शायर शाहिद अनवर, मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शमीम अहमद राईन, शौकत अंसारी को अंग वस्त्र व माला पहनकर सम्मानित किया। तरही नातिया मुशायरा में शाहिद अनवर ने फरमाया 'हो करम या हबीब ए खुदा आपका, बाद रब है बड़ा मर्तबा आपका'। मो. महताब आलम ज़ियाई ने सुनाया 'मुस्तफा की चौखट पर जाने वाला हर मंगता, लौटता नहीं खाली आज भी मदीने से' कारी मो. जसीमुद्दीन शमीमी ने सुनाया 'हो जिस दिल में पिन्हा मुहब्बत नबी की, वो पाएगा बेशक शफाअत नबी की' शमीम रजवी का कहना था 'चमका नूर मक्का में पहुंचा फिर मदीने को, फैलने लगी हर सू रौशनी मदीने से। कय्यूम रूमानी साहब ने फरमाया 'मौत का खैर मकदम न हम क्यों करें, होने वाला नबी का जो दीदार है।' वहीं **अमीन रहबर ने** 'है तखलीक ए आलम भी सदका.उन्ही का, दो आलम है कायम बदौलत नबी की' पेश किया।

**एमजे.अजहरः ने सुनाया** 'आप नबियों के सुल्तान हैं या नबी, रब ने बख़्शा है वो मर्तबा आपका' **डॉ. इंतेखाब असर ने कहा** 'रौनकें जमाने में आपकी बदौलत हैं, दो जहां में खुशबू है आपके पसीने से' **अलाउद्दीन शाह चिराग ने** 'वही सुरखुरू होगा दोनों जहां में है अपनाई जिसने भी सीरत नबी की' सुनाया।

# भीषण गर्मी में शीतल जल उपलब्ध कराना है : अनुज त्रिपाठी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भीषण गर्मी को देखते हुए सदर प्रखंड के रजवाडीह पंचायत के मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी और अधिवक्ता विक्रम त्रिपाठी के सौजन्य से पांकी रोड रजवाडीह में पनशाला का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मुखिया अनुज त्रिपाठी ने लोगों को मिठाई खिलाकर पनशाला का शुभारंभ किया। अनुज त्रिपाठी ने कहा कि शीतल जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ही यह पनशाला खोली गयी है। इसका सीधा लाभ राहगीरों को मिलेगा। गर्मी के मौसम में प्यासों को पानी पिलाना पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए तपती धूप में यदि किसी को पानी मिल जाए तो वह अमृत के समान होता है। उन्होंने कहा कि गर्मी व तपती धूप ने घर से निकलना मुश्किल कर दिया है। प्यासे को पानी पिलाने से बड़ा कोई पुनीत कार्य नहीं होता है। पानी का महत्व हमें तब पता चलता है, जब हमारी हलक सूख जाए और दूर-दूर तक जल नजर न आए हमें पानी लिए इधर-उधर भटकना पड़ जाता है। लोगों को इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। ताकि हर जगह पानी की व्यवस्था हो और लोगो को गर्मी में पानी के लिए इधर उधर न भटकना पड़े।

## धर्म-समाज

### मई और जून में नहीं है विवाह का कोई मुहूर्त

# जुलाई माह में ही बजेगी शहनाईः पुरोहित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वैसे तो गर्मियों के मौसम में तीन महीने तक खूब शादियां होती हैं, लेकिन इस बार 23 साल बाद ऐसा संयोग बन रहा है कि मई और जून में एक भी शादी का मुहूर्त नहीं है। अप्रैल में भी सिर्फ कुछ ही दिन शादियां हैं। उसके बाद फिर जुलाई माह में हीं शादी की शहनाई बजेगी, क्योंकि दो महीने तक शादियों का कोई मुहूर्त ही नहीं हैं। पंडित मृत्युंजय तिवारी ने बताया है कि ऋषिकेश पंचांग के अनुसार अप्रैल माह में 26 अप्रैल तक ही शादी का मुहूर्त हैं। इसके बाद गुरु प्रधान राशि मीन में प्रवेश कर जाएंगे और सूर्य मिलन हो जाएगा। इस



**23 साल के बाद यह पहला अवसर**

कारण मांगलिक कार्यों की स्थिति नहीं बन रही है। इसके चलते 26 अप्रैल से दो महीने तक शादियां नहीं हो पाएंगी। 23 साल के बाद यह पहला अवसर है कि मई और जून के महीने में एक भी शादी का मुहूर्त नहीं है। ऐसी स्थिति वर्ष 2000 में इससे पहले बनी थी। उन्होंने यह भी बताया है कि हालांकि 10 मई को अक्षय तृतीया होने के कारण इस दिन अबूझ मुहूर्त रहेगा। ऐसे में केवल 10 मई को शादी की जा सकती है। 26 अप्रैल के बाद जुलाई के महीने में शादी के सिर्फ चार मुहूर्त हैं। 9, 10, 15 तथा देवशयनी एकादशी के मौके पर 17 जुलाई को शादी का मुहूर्त है। इसके बाद चार महीने के लिए चातुर्मास शुरू हो जाएगा। हिन्दू धर्म में चातुर्मास में कोई भी मांगलिक कार्य नहीं होते हैं। हालांकि बीच में सावन, गणेश उत्सव तथा शारदीय नवरात्र में सगाई का कार्यक्रम किया जा सकता हैं, लेकिन शादी के शुभ मुहूर्त देवउठनी के बाद ही शुरू होंगे।

## न्यूज बॉक्स

### महिला कॉलेज में चला मतदाता जागरूकता अभियान



**श्री बंशीधर नगर ।** मां नगीना शाही महिला महाविद्यालय में बुधवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत ईएलसी के सदस्यों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मास्टर ट्रेनर कौशल कुमार तथा जितेंद्र कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को मतदाता पंजीकरण के लिए फॉर्म 6भरने की प्रक्रिया, मतदाता पहचान पत्र में प्रविष्टियों की सुधार हेतु फॉर्म8, मतदाता सूची में नाम हटाने हेतु फॉर्म7, के बारे में विस्तार से बताया। शिक्षकों की मदद से डेमोक्रेसी रूम तैयार किया गया साथ ही साथ सभी छात्राओं को वोटर हेल्पलाइन एप, सक्षम एप सहित विभिन्न ऑनलाइन माध्यम का उपयोग एवं नैतिक मतदान के बारे में जानकारी दिया छात्राओं को सांप सीढी, भुलभुलैया जैसे खेलो के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने की जानकारी दिया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य कमलेश कुमार, शिक्षक महमूद आलम, पूजा पांडेय, माधुरी कुमारी, मीरा कुमारी, छात्रा खुशबू कुमारी, नेहा कुमारी , आशा कुमारी, पुष्पा कुमारी, चंचला कुमारी, रानी कुमारी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

### पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी बचाने का दिया गया संदेश



**महुआडांड़ ।** डालसा सचिव स्वाति विजय उपाध्याय लातेहार के निर्देश पर महुआडांड़ पीएलभी इन्द्रनाथ प्रसाद व आजाद अहमद के द्वारा महुआडांड़ प्रखण्ड के राजकीय कृत मध्य विद्यालय सेमरबुढ़नी में पृथ्वी दिवस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यालय के बच्चे व विद्यालय परिवार को पृथ्वी बचानें को लेकर संदेश दिया गया। हमें पर्यावरण को बचाना है ताकि पृथ्वी सुरक्षित रह सके। इसके लिए हम सभी को मिलकर गंभीरता से विचार करना होगा। वहीं आजाद अहमद ने कहा कि हमें पर्यावरण के साथ खेलवाड़ नहीं करना चाहिए।इसको बचानें के लिए हम सभी को आगे आना होगा।इस दौरान विद्यार्थियों ने पृथ्वी बचानें का शपथ भी लिया। मौके पर विधायक के शिक्षक प्रदीप कुमार समेत विद्यालय के क्षात्र क्षात्राएं मौजूद थे।

### बाइक दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**गढ़वा ।** नगर उंटारी मार्ग पर मंगलवार की रात्रि छतरपुर हाईवे के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति मेराल क्षेत्र के नेनुआ मोड़ गांव निवासी स्वर्गीय अमृत मेहता का पुत्र राम जन्म मेहता बताया गया है। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि गढ़वा से घर जाने के क्रम में गढ़वा थाना क्षेत्र के छतरपुर हाईवे के पास अज्ञात वाहन ने उसके मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

### बाइक हादसे में दो लोग घायल

**गढ़वा ।** रंका मार्ग पर मंगलवार की रात्रि मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। घायलों में मेराल थाना क्षेत्र के पेंनदली गांव निवासी साबिर अंसारी का पुत्र महबूब अंसारी एवं उल्फत अंसारी का पुत्र नजीबुल्लाह अंसारी के नाम शामिल है। इसमें महबूब अंसारी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि महबूब अंसारी व नजीबुल्लाह अंसारी एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर से नावाडीह गांव शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर ओबरा गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के बाद लोगों ने घायलों को उठाकर सदर अस्पताल भेज दिया।

### बिजली के तार को लेकर चार भाइयों के बीच जमकर मारपीट, एक की मौत

**रंका ।** रंका थाना क्षेत्र के बडकाडीह गांव में बीती रात शादी के मड़वा कार्यक्रम के दौरान बिजली की तार को लेकर चार भाइयों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस मारपीट की घटना में एक भाई की मौत हो गया। जानकारी के अनुसार बड़काडीह निवासी बिगन सिंह की बेटी की शादी होनी थी। बीती रात मड़वा कार्यक्रम होना था। बताया जाता है कि बिजली के तार को लेकर चार भाइयों के बीच विवाद हुआ, विवाद इतना गहरा गया कि बात मारपीट तक पहुंच गयी। वहीं मड़वा कार्यक्रम से पहले जमकर मारपीट हो गया। इस दौरान इस घटना में गंभीर रूप से घायल सुदेश सिंह 38 वर्ष को आनन-फानन में इलाज के लिए गढ़वा अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रेफर कर दिया, लेकिन उसकी मौत गयी। घटना के बाद शादी वाले इस घर में कोहराम मच गया।

### बस की चपेट में आने से एक युवक की गई जान

**गढ़वा ।** डंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत भीखही टोला बोंगासी मोड़ के पास बस की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक डंडा थाना क्षेत्र के बोगासी गांव निवासी लक्ष्मी चौधरी का पुत्र रामप्रवेश चौधरी 32 वर्ष है। घटना के बाद आस पास के सहयोग से इलाज हेतु सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया की मृतक अपने मोटरसाइकल पर सवार होकर अपने घर से ससुराल जा रहा था। उसी बीच भिखही मोड़ के पास बस ने अपने चपेट में ले लिया। घटना के बाद उसे स्थानीय लोगो ने अस्पताल में लाया जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद अक्तोशित लोग ने सड़क पर उतरकर सड़क को जाम कर दिया। घटना की सूचना के बाद एस डी पी ओ दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर लोगो को समझाया।

### भाजपा नेता प्रदीप सिंह के अंतिम संस्कार में उमड़ी भीड़



**बरवाडीह ।** प्रखंड के पूर्व विधायक प्रतिनिधि व भाजपा महामंत्री प्रदीप सिंह की असमय मृत्यु के उपरांत बुधवार को प्रखंड के आदर्श नगर मुख्य शवदाह गृह में उनका अंतिम संस्कार किया गया। दाह संस्कार से पूर्व भाजपा सहित दूसरे दलों के काफी संख्या में लोग उनके आदर्श नगर स्थित आवास पहुंच कर दिवंगत भाजपा नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिनमें भाजपा के प्रदेश महामंत्री व लोहरदगा लोकसभा प्रभारी मनोज सिंह, पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह, जिप सदस्य कन्हाई सिंह, माले जिला सचिव बिरजू राम, विधायक रामचंद्र सिंह के पुत्र व यूथ कांग्रेस के प्रदेश समन्वयक विजय बहादुर सिंह, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रवींद्र राम, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंहपिंटू, कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, झामुमो नेता शशि भूषण तिवारी, राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी,मुखिया कालो देवी, बेरोनिका कुजूर, कैलाश सिंह,नंददेव सिंह, समेत पूरे प्रमंडल से भाजपा व विभिन्न राजनीतिक दल, सामाजिक संगठनों के काफी संख्या में शामिल रहे।

# राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलिदाग -2 में बच्चों को मध्याह्न भोजन मिलना शुरू

**खबर का असर**

नवीन मेल संवाददाता

**रमना ।** राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलिदाग -2 में गत सप्ताह में कुल दस कार्य-दिवस से एमडीएम का तीन माह के राशन का कुल उधार राशि का भुगतान नहीं होने के कारण बंद था। बच्चों द्वारा एमडीएम बंद होने के जानकारी को इस दैनिक पत्रिका में प्रमुखता से उठाया गया था। जिसके बाद इस खबर को जिप अध्यक्ष शांति देवी नें संज्ञान में लिया और तत्काल विद्यालय पहुंचकर जांच की। बीईईओ को कड़ी फटकार लगाई तथा विद्यालय में विद्यार्थियों से मिलकर उनकी समस्या को जाना। विद्यालय प्रबंधन को विद्यार्थियों की समस्या को दूर करने



**गुमला ।** गुमला जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आज स्वीप गतिविधि के तहत भारत स्काउट और गाईड के माध्यम से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में संत इग्नासियस हाई स्कूल गुमला, नेट्रोडेम स्कूल गुमला एवं उर्सलाईन कॉन्वेंट हाई स्कूल गुमला के लगभग 600 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। संत इग्नासियस हाई स्कूल से प्रारंभ हुए इस रैली को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी सहित उप विकास आयुक, अपर समाहर्ता एवं जिला सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक सह जिला नजारता उप समाहर्ता ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया। मौके पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी ,जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सह स्वीप नोडल पदाधिकारी भी मौजूद रहीं।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि समाज में सकारात्मक जागरूकता फैलाने में जिले के विद्यार्थियों की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जागरूकता रैली के दौरान सभी विद्यार्थियों ने शहर के महत्वपूर्ण चौक चौराहों , टावर चौक, पटेल चौक, जशपुर रोड, जीएसपी रोड , पालकोट रोड एवं सिसई रोड के मुख्य स्थानों का चक्कर लगाते हुए चुनावी नारे लगाए। हमारे भविष्य के लिए आवश्यक मतदान करें' की अपील करते हुए विद्यार्थियों ने शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक किया। सैंकड़ों विद्यार्थियों के एक सुर में लगाए गए चुनावी नारों ने जिले के शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक किया। मतदाताओं ने भी घर से बाहर निकल कर इस चुनावी रैली को देखा।

## न्यूज बॉक्स

### भंडरा के चार शातिर अपराधी होंगे तड़ीपार उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक का आदेश जारी

**भंडरा ।** जिला प्रशासन ने प्रखंड के चार अपराधियों के खिलाफ तड़ीपार करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इनके खिलाफ डीसी सह जिला दंडाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की ओर से नोटिस जारी किया गया है। नोटिस का जवाब मिलने के बाद जिला दंडाधिकारी की ओर से तीन माह के लिए अपराधियों को तड़ीपार किया जाएगा। एसपी हरीश बीन जमां ने इन अपराधियों को तड़ीपार करने की अनुशंसा डीसी से की थी। जिसमे रिजवान अंसारी पिता रमजान अंसारी ग्राम बलसोता, अरमान अंसारी पिता ईशाक अंसारी सोरंदा,मेहंदी अंसारी पिता अमीरुद्दीन अंसारी ग्राम कसपुर एव अम्बेरा गांव निवासी कुलदीप लोहरा पिता शीतल लोहरा शामिल हैं। इन्हें जिला तड़ीपार का नोटिस भंडरा पुलिस द्वारा दिया जा चुका है । तड़ीपार की अवधि में ये चारो अपराधी जिले में दिखाई देंगे तो पुलिस कड़ी करवाई करेगी । भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रखंड के चार शातिर अपराधियो को जिला तड़ीपार किया गया है । पुलिस प्रशासन लोक सभा चुनाव में अपराधियो पर नकेल कसने की कवायद शुरू कर दिया है।

### मतदाताओं को मतदान के लिए किया गया प्रेरित



**भंडरा ।** मतदाताओं का रुझान मतदान करने के लिए बनाने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी भंडरा प्रतिमा कुमारी के द्वारा कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।राष्ट्रीय औसत से कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों कोटा एवं डुमरी गांव के मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी भंडरा द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें मतदाताओं से संवाद करते हुए उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया एवं शपथ दिलाई गई

### दिव्यांग मतदाताओं का भौतिक सत्यापन शुरू

**भंडरा ।** मतदान का औसत बढ़ाने के लिए प्रशासनिक तौर पर कई पहल किया जा रहा हैं। इसी क्रम में वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं से मतदान करने के लिए उनके सुविधा के अनुसार उन्हें पोस्टल मतदान करने की भी सुविधा दी गई है। इस क्रम में बीएलओ द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में दिव्यांग जनों को चिन्हित किया गया है। बीएलओ द्वारा चिन्हित किए गए दिव्यांग मतदाताओं का भौतिक सत्यापन बीडीओ प्रतिमा कुमारी के द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में 69 विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पोस्टल बैलेट से मतदान करने वाले दिव्यांग मतदाताओं का भौतिक सत्यापन प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी के द्वारा किया गया।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया

**लोहरदगा।** बजरंग दल के द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम हरमु प्रखंड के रघुटोली में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक कांस्यकर थे। कार्यक्रम में रघु टोली के राम भक्त माताएं बहने शामिल हुई। कार्यक्रम का नेतृत्व बजरंग दल सह गौरक्षा प्रमुख चंदन गोप के द्वारा किया गया । उन्होंने कहा कि जिले और प्रखंड में सभी मंदिरों में भव्य रूप से श्री हनुमान उत्सव कार्यक्रम सभी मंदिरों में संपन्न हुआ। मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा व महाआरती का आयोजन किया गया था। मौके पर सत्यम कुमार अग्रवाल, चंदन गोप, कुंदन गोप, रोमि गोप, ज्योति कुमारी, आरती कुमारी, जागेश्वर गोप, सुमति देवी, गीता देवी, ललिता कुमारी, पूनम देवी, अनीता देवी, इत्यादि अनेकों राम भक्त माताएं बहने उपस्थित हुए।

## कुडू, किस्को एवं भंडरा प्रखंड में स्वीप कार्यक्रम आयोजित

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला के अंतर्गत पलाश (जेएसएलपीएस) द्वारा कुडू, किस्को एवं भंडरा प्रखंड में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत संकुल, ग्राम संगठन और स्वयं सहायता समूह स्तर पर सखी मंडल की दीदियो के द्वारा मतदाता शपथ लिया गया एवं ग्रामीणों को आगामी 13 मई को मतदान करने की अपील की गई। ग्रामीणों को बताया गया कि अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जांच कर लें। मतदान के लिए इस बार सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक का समय दिया गया है। मतदान अवश्य करें और अपने सभी जान पहचान और आस पड़ोस वालों को भी, जिनका नाम मतदाता सूची में है, वोट करने के लिए कहें।उक्त कार्यक्रम डीपीएम अनिता केरकेट्टा के नेतृत्व में किया गया।

चुनाव सर्वोच्च प्राथमिकता

जिला समादेष्टा का कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा।

आवश्यक सूचना

महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय, झारखण्ड, राँची के आदेश सह पठित ज्ञापांक–820/OTD दिनांक–16.04.2024 के आलोक में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन–2024 में गृह रक्षकों की कॉल–अप करने का आदेश प्राप्त हुआ है।

उक्त आदेश के आलोक में झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा के प्रभावित बल के गृह रक्षक (महिला/पुरूष) जो कर्त्तव्य पर प्रतिनियुक्त हैं अथवा प्रतिक्षारत् हैं, वे चुनाव डियुटी की संवेदनशीलता को देखते हुए आगामी लोकसभा आम निर्वाचन–2024 में विधि–व्यवस्था संधारण हेतु जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी गढ़वा के कार्यालय में अपना–अपना आगमन कराना सुनिश्चित् करें। आगमन नहीं कराने की दशा में चुनाव ड्यिूटी जैसे सर्वोच्य कर्त्तव्य के प्रति उनकी अवहेलना मानते हुए मुख्यालय, राँची को उनके विरूद्ध कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई हेतु अनुशंसा कर दी जायेगी।

ह0/–
पुलिस उपाधीक्षक (मु0) गढ़वा
–सह– जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा।

PR 324067 Police(24-25)D

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

पत्रांक 411 न0प0/दिनांक – 24/04/2024

Democracy Tax
Invest in India's Democracy

NOTICE

आपको सूचित किया जाता है कि आप भारतीय लोकतंत्र के जिम्मेदार नागरिक हैं। आपको संविधान वोट देने का अधिकार देता है और आप पर लोकतंत्र का एक महत्त्वपुर्ण कर 'Democracy Tax' भारित है।

अतः आपको पलामू लोकसभा चुनाव में 13 मई 2024 को वोट देकर अपना Democracy Tax चुकाना है।



" मेरा मत, मेरा हक

#IVote4Sure

निवेदक
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, बिश्रामपुर

PR 324064 District (24-25)_D

**जिस दिन आपके सामने कोई समस्या न आए, आप यकीन कर सकते हैं कि आप गलत रास्ते पर सफर कर रहे हैं : स्वामी विवेकानन्द**

# राम की बात ही न हो राम बनना भी जरुरी

***भारतीय*** समाज में हर सुख दुःख में मर्यादा पुरुषोत्तम राम का उदाहरण दिया जाता है अनेक घरों में चौपाइयों को कहावतों की तरह दुहराया जाता है। गोस्वामी तुलसीदास ने सरल भारतीय लोकभाषा में रामचरित मानस की रचना करके श्रीराम के चरित्र से दुनिया को श्रेष्ठ पुत्र, श्रेष्ठ पति, श्रेष्ठ राजा, श्रेष्ठ भाई, प्रकृति प्रेम और मर्यादा का पालन करने का संदेश दिया है। रामचरित मानस एक ग्रंथ है जिसे पढ़कर कोई भी अपना वर्तमान सुधार सकता है एवं पर्यावरण की विकराल होती समस्या का समाधान पा सकता है। भारतीय समाज का तानाबाना दो महाकाव्यों रामायण एवं महाभारत के इर्द-गिर्द बुना गया है। इनमें जीवन के साथ मृत्यु को भी अमृतमय बनाने का मार्ग दिखाया गया है। इनमें सशरीर मोक्ष मार्ग के अद्भुत एवं विलक्षण उदाहरण हैं। रामायण में प्रभु श्रीराम चलते हुए सरयू नदी में समा जाते हैं और महाभारत में युधिष्ठिर हिमालय को लांघकर मोक्ष को प्राप्त होते हैं। इन दोनों ही घटनाओं में महामानवों ने मृत्यु का माध्यम भी प्रकृति यानी नदी एवं पहाड़ को बनाकर जन-जन को प्रकृति-प्रेम की प्रेरणा दी है। लेकिन हम देख रहे हैं कि आज हमने मोक्षदायी नदी और पहाड़ों की ऐसी स्थिति कर दी है कि वहां मोक्ष तो क्या जीवन जीना भी कठिन हो गया है। क्या हम नदियों एवं पहाड़ों को मोक्षदायी का सम्मान पुनः प्रदान कर पाएंगे। यह हमारे जमाने का यक्षप्रश्न है जिसका उत्तर देने श्रीराम और युधिष्ठिर नहीं आएंगे, लेकिन हमें ही श्रीराम एवं युधिष्ठिर बन कर प्रकृति एवं पर्यावरण के आधार नदियों एवं पहाड़ों के साथी बनना होगा, उनका संरक्षण एवं सम्मान करना होगा।आज संपूर्ण विश्व में नदियों, पहाड़ों, प्रकृति के प्रदूषण को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है, लेकिन हजारों साल पहले भगवान श्रीराम ने प्रकृति के बीच रहकर प्रकृति को बचाने के लिए प्रेरित किया। भगवान श्रीराम वनवास काल में जिस पर्ण कुटीर में निवास करते थे वहां पांच वृक्ष पीपल, काकर, जामुन, आम व वट वृक्ष था जिसके नीचे बैठकर श्रीराम-सीता भक्ति आराधना करते थे। जो धर्म की रक्षा करेगा धर्म उसी की रक्षा करेगा। आदर्श समाज व्यवस्था का मूल आधार है प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ संतुलन बनाकर जीना। रामायण में आदर्श समाज व्यवस्था को रामराज्य के रूप में बताया गया है उसका बड़ा कारण है प्रकृति के कण-कण के प्रति संवेदनशीलता। अनेक स्थानों पर तुलसीदासजी एवं वाल्मीकिजी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता को रेखांकित किया है। रामराज्य पर्यावरण की दृष्टि से अत्यन्त सम्पन्न एवं स्वर्णिम काल था। मजबूत जड़ों वाले फल तथा फूलों से लदे वृक्ष पूरे क्षेत्र में फैले हुये थे। श्रीराम के राज्य में वृक्षों की जड़ें सदा मजबूत रहती थीं। वे वृक्ष सदा फूलों और फलों से लदे रहते थे। मेघ प्रजा की इच्छा और आवश्यकता के अनुसार ही वर्षा करते थे। वायु मन्द गति से चलती थी, जिससे उसका स्पर्श सुखद जान पड़ता था। इसलिए जो कुछ हम सब रामायण से समझ पाते हैं, वह ही मनुष्य के जीवन जीने की सनातन परंपरा है। वही परंपरा ही हम सबको यह बताती है कि प्रकृति रामराज्य का आधार है। हम श्रीराम तो बनना चाहते हैं पर श्रीराम के जीवन आदर्शों को अपनाना नहीं चाहते, प्रकृति-प्रेम को अपनाना नहीं चाहते, यह एक बड़ा विरोधाभास है। अजीब है कि जो हमारे जन-जन के नायक हैं, सर्वोत्तम चेतना के शिखर है, जिन प्रभु श्रीराम को अपनी सांसों में बसाया है, जिनमें इतनी आस्था है, जिनका पूजा करते हैं, हम उन व्यक्तित्व से मिली सीख को अपने जीवन में नहीं उतार पाते। प्रभु श्रीराम ने तो प्रकृति के संतुलन के लिए बड़े से बड़ा त्याग किया। अपने-पराए किसी भी चीज की परवाह नहीं की। प्रकृति के कण-कण की रक्षा के लिए नियमों को सर्वोपरि रखा और मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाए! पर हमने यह नहीं सीखा और प्रकृति एवं पर्यावरण के नाम पर नियमों को तोड़ना आम बात हो गई है। प्रकृति को बचाने के लिये संयमित रहना और नियमों का पालन करना चाहिए, इस बात को लोग गंभीरता से नहीं लेते।

समसामायिक

# जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे



ललित गर्ग

***शांति*** के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च, शस्त्रीकरण एवं घातक हथियारों की होड़ किसी खतरे की घंटी से कम नहीं। शस्त्रीकरण के भयावह दुष्परिणामाअें से समूचा विश्व भयाक्रांत है, हर पल आणविक हथियारों के प्रयोग को लेकर दुनिया डर के साये में जी रही है। इसीलिये आज अयुद्ध, निशस्त्रीकरण एवं शांति की आवाज चारों ओर से उठ रही है। शक्ति संतुलन के लिये शस्त्र-निर्माण एवं शस्त्र संग्रह की बात से किसी भी परिस्थिति में सहमत नहीं हुआ जा सकता। क्योंकि इससे अपव्यय हो होता ही है, साथ ही किसी भी गलत हाथों से दुरुपयोग होने की बहुत संभावनाएं रहती है। ताजा घटनाक्रम को देखें तो एक ओर रूस और यूक्रेन आमने-सामने हैं, वहीं दूसरी तरफ इजरायल और ईरान के बीच तल्खी भी चरम पर है। चीन और ताइवान के बीच भी रह-रह कर युद्ध के बदल मंडरा रहे हैं। ऐसे माहौल में यह सवाल भी गूंजना स्वाभाविक है कि क्या सचमुच दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते हुए घातक हथियारों के उपयोग की प्रयोगभूमि बन रही है? सवाल दूसरे ओर भी हैं। स्टॉकहोम इन्टरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की हथियारों पर आयी ताजा रिपोर्ट ऐसे ही सवाल खड़े कर रही है। इसका संतोषजनक जवाब शायद ही मिले क्योंकि दुनिया सीधे-सीधे दो खेमों में बंट गई है। स्टॉकहोम की रिपोर्ट के आंकड़े चौंकाने वाले ही नहीं, डराने वाले हैं। शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च का बढ़ना एवं नये-नये हथियारों का बाजार गरम होना, चिन्ताजनक है। रिपोर्ट में खास बात यह है कि दुनिया में स्वाधिक सैन्य खर्च करने वाले देशों में भारत चौथे नंबर पर बरकरार है। शांति एवं अहिंसा की भूमि पर हथियारों का जमावड़ा उसकी कथनी एवं करनी के भेद को उजागर कर रहा है। ये सवाल स्वाभाविक है कि जब प्रत्येक देश शाांति बनाए रखने की वकालत करता है फिर हथियारों की होड़ लगातार क्यों बढ़ रही है? भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार? आयातक देश बन चुका है। स्टॉकहोम की ओर से जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ा है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है। वहीं, इसके अलावा पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे हैं। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन का युद्ध देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण से पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। तो वहीं, अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नंबर पर है। पिछले 25 सालों में पहली बार, संयुक्त राज्य अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही इन हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। अमेरिका दुनिया पर आधिपत्य स्थापित करने एवं अपने शस्त्र कारोबार को पनपाने के लिये जिस अपसंस्कृति को उसने दुनिया में फैलाया है, उससे पूरी मानवता कराह रही है, पीड़ित है। अमेरिका ने नई विश्व व्यवस्था (न्यू वर्ल्ड आर्डर) की बात की है, खुलेपन की बात की है लगता है 'विश्वमानव' का दम घुट रहा है और घुटन से बाहर आना चाहता है। विडम्बना देखिये कि अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। ऐसे कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोग मारे गए। 2014 में अमेरिका में हत्या के कुल दर्ज करीब सवा चौदह हजार मामलों में अड़सठ फीसद में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था। एक तरफ अमरीका और उसके सहयोगी नाटो देश हैं तो दूसरी तरफ रूस-चीन का गठजोड़ है। तटस्थ रहने वाले देश भी गाहे-बगाहे अप्रत्यक्ष रूप से किसी न किसी खेमे की तरफ झुकाव प्रदर्शित करते रहे हैं। ऐसे में आखिरी उम्मीद संयुक्त राष्ट्र ही रह जाता है। जबकि संयुक्त राष्ट्र की शक्तियां एवं उद्देश्य कोरे दिखावे के हैं, समूची दुनिया इससे वाकिफ है। वह ऐसे किसी भी संकट में शांति प्रस्ताव पारित कर अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर पला झाड़ लेता है। वह न तो रूस-यूक्रेन के संघर्ष में और न ही इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष रोकने में कोई सार्थक भूमिका अदा कर पा रहा है। उसके कड़े से कड़े फैसले भी आखिर में महाशक्तियों के वीटो के सामने हथियार डाल देते हैं। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अस्तित्व में आया संयुक्त राष्ट्र कहने को तो दुनिया के देशों का सबसे बड़ा मंच है पर युद्धों को रोकने में उसकी भूमिका नगण्य है। ऐसे में दुनिया में बढ़ते हथियारों की होड़ एवं युद्ध की संभावनाओं को आखिर कौन-कैसे-किसको रोके? जाहिर है, ऐसी परिस्थितियों में तो हथियारों की होड़ बढ़ेगी ही। अमरीका एक तरफ युद्ध की तरफ बढ़ रहे देशों से शांति की अपील करने में सबसे आगे रहता है। लेकिन दूसरी तरफ अमरीकी हथियार कंपनियां तमाम देशों को खरबों रुपए के हथियार बेच रहीं है। इन कंपनियों के लिए तो युद्धकाल ही स्वर्णकाल होता है। ऐसे दौर में जब अधिकांश देश शिक्षा, रोजगार व सेहत के मोर्चे पर संकटों का सामना कर रहे हैं, हथियारों की इस होड़ को रोका ही जाना चाहिए। रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भीषणतम तबाही एवं सर्वनाश का कारण बनता दिख रहा है। रूस द्वारा परमाणु हथियारों के इस्तेमाल किये जाने एवं यूक्रेन के द्वारा 'डर्टी बम' का इस्तेमाल किये जाने की धमकियां, दुनिया के लिये डर का कारण बन रही है। भयंकर विनाश की आशंकाओं के बीच समूची दुनिया सहमी हुई है। यदि परमाणु हथियारों का उपयोग होता है तो यह मानवता के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ होगा एवं दुनिया को अशांति की ओर अग्रसर करने वाला होगा। अब परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा इसलिए बढ़ गया है कि यूक्रेन को इतने लंबे समय से झुकता न देख रूस का अहं चोट खा रहा है। हालांकि परमाणु हथियारों के दुष्परिणामों से दोनों देश अनजान नहीं हैं। इस युद्ध को चलते लंबा वक्त हो गया। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने जैसा है। ऐसे युद्ध का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देगा, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने का भी बड़ा कारण बनेगा। यूक्रेन और रूस में शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये भारत ने लगातार शांति प्रयास किये हैं। लेकिन प्रश्न है कि दुनिया को अहिंसा, अयुद्ध एवं शांति का सन्देश देने वाला भारत क्यों हथियारों की दोड़ में शामिल है? मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध एवं हथियारों की विभीषिका से मुक्ति दिलाना आवश्यक है। युद्धरत देशों में शांति स्थापित कर, उन्हें अभय बनाकर, युद्ध-विराम करके विश्व को निर्भय बनाना चाहिए। निश्चय ही यह किसी एक देश या दूसरे देश की जीत नहीं बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी। यथार्थ यह है कि अंधकार प्रकाश की ओर चलता है, पर अंधापन मृत्यु-विनाश की ओर। लेकिन रूस ने अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य का अहसास एक गलत समय पर गलत उद्देश्य के लिये कराया है। इस युद्ध से होने वाली तबाही रूस-यूक्रेन की नहीं, बल्कि समूची दुनिया की तबाही होगी, क्योंकि रूस परमाणु विस्फोट करने को विवश होगा, जो दुनिया की बड़ी चिन्ता का सबब है। बड़े शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को इस युद्ध को विराम देने के प्रयास करने चाहिए। लेकिन प्रश्न है कि जो देश हथियारों के निर्माता है, वे क्यों चाहेंगे कि युद्ध विराम हो। जब तक शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों की शस्त्रों के निर्माण एवं निर्यात की भूख शांत नहीं होती तब तक युद्ध की संभावनाएं मैदानों में, समुद्रों में, आकाश में तैरती रहेगी, इसलिये आवश्यकता इस बात की भी है कि जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे।

## आपकी बात

### पानी पाने की जद्दोजहद कब तक?

गरमी आते ही जल संकट भी मंडराने लगता है। अभी से सड़कों पर टैंकर दौड़ने लगे हैं। पूरी गरमी हम पानी की कमी का रोना रोऐंगे। पानी की कमी के लिए पूरी की पूरी जिम्मेवारी हम सरकार पर ओढ़ाकर अपनी जिम्मेवारी से मुंह मोड़ लेंगे। हमने अपने घरों में कच्चे आंगन नहीं छोड़े हैं, पेड़-पौधों से रिश्ता तोड़ लिया है। अब तो गांवों को छोड़ दें तो कुंए अब सिर्फ किताबों में दिखाई देते हैं। नदियां और तालाब अतिक्रमण की मार से सिकुड़ रहे हैं। हमें तो बस इतनी ही चिंता है कि हमारे नल में पानी आ रहा है कि नहीं। नदियां हमसे रूठकर किनारा छोड़ चुकी हैं। तालाबों में अब बतख और मछलियां नहीं, बल्कि कचरे और पॉलिथीन तैर रहे हैं। छठ में हम पूजा के लिए कुओं की तलाश करते हैं। सारा दोष बढ़ती आबादी और प्रदूषण पर नहीं मढ़ा जा सकता है। पहले मुहल्लों में एक -आध कुओं से मुहल्लेवासियों का काम चल जाता था। अब हमारी पक्की इमारतों के ऊपर हजार से लेकर पांच हजार लीटर की टंकियां लगी हैं। इन में पानी जमा करने के लिए कई तरह के शक्तिशाली मोटरपंप लगे हैं, जो एक आध घंटे में ही कई हजारों लीटर पानी उन टंकियों में चढ़ा देते हैं। एक साथ लाखो लीटर पानी धरती से सोख लिया जाता है। बाथरूम में शॉवर से नहाकर लोग खुश हो रहे हैं। टाईल्स और मार्बल से सजे बाथरूमों ने नदी और तालाब के खुले घाटों में पर नहाने का मजा छिन लिया है। इस तरह पानी का लेयर और भी नीचे चला जा रहा है। सड़के सीमेंटेड हो गई हैं। हमारे घरों में कच्ची जमीन नहीं बची हैं। बाग-बगीचों का शौक खत्म हो गया है। पौधे अब गमलों में उगाए जा रहे हैं। बरसात का सारा पानी पक्की नालियों से बहकर नदी में चला जाता है। पहले नदी में पानी भरने पर कुएं का जलस्तर बढ़ जाता था, जिससे हम पता कर लेते थे कि नदी में पानी आ गया है। बोतलों में पानी पीने की आदत ने इस तरफ सोचना बंद कर दिया है। बोतलों में पानी के बाद हो सकता है अगला नंबर ऑक्सीजन की बोतलों का हो। कई जगहों पर तालाब सिर्फ नक्शे में बचे हैं। वहां कई इमारतें और कॉलानियां बन गई हैं। बरसात में जब गुस्सैल नदी जब अपना पुराना किनारा ढूंढते- ढूंढते जब बाढ़ का रूप धारण कर लेती हैं, तो लोग मां कही जानेवाली नदियों का उग्र रूप देखकर कांप उठते हैं। नदी को मां का दर्जा देने वाले लोग उसको तहस-नहस और मटियामेट करने वाला इंसान अपनी लालच को नहीं रोक पा रहा है। पूजा-पाठ से नदियों को मनाने लगता है, लेकिन सच बात तो यह है कि पूरे पर्यावरण और नदियों को प्रदूषित और पेयजल को कम करनेवाला सिर्फ इंसान ही है। वहीं इसके लिए बड़े उद्योगों को हम दोषी नहीं मान सकते है। इंसान ने जिस प्रकार पानी का दोहन किया है। वह अधिक खतरनाक है। सुविधाओं ने हमें पानी बाथरूम, बोतलों और जारों में कैद करने को विवश कर दिया है। ऐसी स्थिति रही तो लोग और कुछ सालों में पानी को सीमित कर देंगे।

**- आनन्द कुमार, मेदिनीनगर।**

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

राजनीति

# मछुआरों, महिलाओं और स्थानीय संस्कृति का सहारा



उमेश चतुर्वेदी

***तमिलनाडु*** में मौजूदा सत्ताधारी डीएमके का मोर्चा बढ़त की उम्मीदे पाले हुए है तो बीजेपी इस बार बड़ी सेंध लगाने का दावा कर रही है। बीजेपी के दावे की वजह है, प्रधानमंत्री की सभाओं में उमड़ती रही भीड़। जिसे बढ़ाने में अमित शाह अपनी ओर से जोर देते रहे। अपने दम पर बहुमत के साथ लगातार दो बार से केंद्रीय सत्ता को संभाल रही भारतीय जनता पार्टी के लिए तमिलनाडु और केरल अब तक प्रश्न प्रदेश रहे हैं। इस लिस्ट में 25 सीटों वाले आंध्र प्रदेश को भी शामिल किया जा सकता है। 'अबकी बार चार सौ पार' के नारे में दक्षिण का अभेद्य बना किला फतह करने की कोशिश भी शामिल है। पार्टी को पता है कि जब तक वह अभेद्य समझे जाने वाले दक्षिण के दुर्ग में जोरदार सेंध नहीं लगाएगी, उसका यह नारा जमीनी हकीकत के नजदीक नहीं पहुंच पाएगा। यही वजह है कि पार्टी का शिखर नेतृत्व लगातार तमिलनाडु पर अपना ध्यान फोकस किए हुए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दक्षिण भारत की लगातार जारी चुनावी और सामान्य यात्राएं इन्हीं कोशिशों का उदाहरण है। तमिलनाडु में चुनाव बीत चुके हैं। राज्य के चुनाव नतीजों को लेकर अटकलबाजी और दावे-प्रतिदावों का दौर जारी है। तमिलनाडु में मौजूदा सत्ताधारी डीएमके का मोर्चा बढ़त की उम्मीदे पाले हुए है तो बीजेपी इस बार बड़ी सेंध लगाने का दावा कर रही है। बीजेपी के दावे की वजह है, प्रधानमंत्री की सभाओं में उमड़ती रही भीड़। जिसे बढ़ाने में अमित शाह अपनी ओर से जोर देते रहे। लोकसभा सीटों के लिहाज से दक्षिण भारत के सबसे बड़े राज्य तमिलनाडु में 2019 के आम चुनावों में भी अमित शाह ने पूरा जोर लगाया था। फिर भी पार्टी को 2014 के साढ़े पांच प्रतिशत के मुकाबले महज 3.6 फीसद वोट से ही संतोष करना पड़ा था। राज्य में इस बार चुनाव हो चुका है। जिस तरह मोदी और शाह की जोड़ी ने इस बार राज्य में जोर लगाया, इसकी वजह से इस बार पार्टी की उम्मीदें बढ़ी हुई हैं। इसकी वजह है पार्टी की अरसा पहले से जारी तैयारी और तमिलनाडु में तेज-तर्रार और युवा अन्नामलाई के हाथ में पार्टी की कमान। अन्ना मलाई की सभाओं में उमड़ती रही भीड़ पार्टी की उम्मीदों को परवान चढ़ाने में मददगार बनती रही। अन्ना मलाई ने सात महीने तक 'एन मन, एन मक्कल' नाम से राज्यव्यापी यात्रा की, जिसमें खूब भीड़ जुटी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

> **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दक्षिण भारत की लगातार जारी चुनावी और सामान्य यात्राएं इन्हीं कोशिशों का उदाहरण है। तमिलनाडु में चुनाव बीत चुके हैं।**

## फेसबुक वॉल से

**Madan Prasad**
23 h
पंजा और कमल के चक्कर में अपनी दोस्ती खराब न करें। चार जून के बाद संकट की घड़ी में दिल्ली और लखनऊ से कोई मदद करने नहीं आयेगा। तब इन्हीं में से कोई आपके साथ 24 घंटे खड़ा रहेगा।



28 · 5 comments
Like · Comment · Send

**Anil Kumar Singh**
समझ समझ के समझ समझाना ही समझ है
Like · Reply

## X- से

**Dr. Sudhanshu Trivedi Satire** @... · 1d
केक की हैसियत न सही 🙁
लेकिन संस्कारों का तो धन है😍

सबसे सुंदर जन्मदिन का सेलिब्रेशन❤️



904 · 4.5K · 34K · 864K

# भारतीयों के लिए अब 29 देशों के वीजा नियम आसान



किशन भावनानी

***वैश्विक*** स्तरपर यह जग प्रसिद्ध है कि भारत मानवीय, बौद्धिक, शारीरिक प्रतिभाओं की खान है। इसके सटीक प्रमाण के रूप में हम देख सकते हैं कि यूरोपीय संघ के अनेक देशों में बड़ी-बड़ी कंपनियों के सीईओ याबड़े-बड़े अधिकारी मूल भारतीय हैं, इस तरह अगर हम 54 देश के अफ्रीकी यूनियन 53 देश के इस्लामिक सहयोग संगठन में देखे तो भारतीय प्रतिभावान श्रम हमें अधिक देखेगा इस तरह हम अगर उच्चप्रतिभावान भारतीय डॉक्टरों इंजीनियरों को देखें तो वह भी अमेरिका जैसे विकसित देश में बहुत अधिक हैं जिसका प्रमाण मैं अपने रिश्तेदारों के दे सकता हूं कि बहुत टैलेंट इंजीनियर आज अमेरिकी कंपनी में बड़ी पोस्ट पर है,जो पूरा परिवार अमेरिकी नागरिक बन चुका है। इस विषय पर चर्चा आज हम इसलिए कर रहे हैं, चूंकि दिनांक 22 अप्रैल 2024 को यूरोपीय संघ ने अपने 29 सदस्य देशों के वीजा नियमों को बेहद आसान कर दिया है जो खासकर भारतीयों के लिए बहुत सुविधाप्रद व आसान है। खास करके मल्टी सेलिंग वीजायूरोपीय संघ ने हाल ही में भारतीय नागरिकों के लिए विशेष रूप से तैयार एक अपडेटेड वीजा सिस्टम शुरू किया है। यह नया सिस्टम भारतीय नागरिकों के लिए है। यूरोपीय संघ ने इस बात की जानकारी दी है, यूरोपीय संघ की तरफ से जारी बयान में कहा गया है,जो भारतीय कम समय के लिए शेंगेन वीजा के लिए अप्लाई करते हैं, उन्हें इस नये वीजा नियम के तहत पांच सालों के लिए वीजा मिल सकता है। यह उन लोगों पर लागू होगा जो पहले से ही कई देशों में जा चुके हैं। कुल मिलाकर इसमें भारतीय प्रतिभावान आकर्षित होंगे और अपनी पलायन की हसरत को अंजाम देने की भरपूर कोशिश कर सकते हैं। अमेरिका की एक एक उद्योग एजेंसी अनुसंधान सेवा कर्स की वित्तीय वर्ष 2022 के लिए अमेरिका की नागरिक नीति पर 15 अप्रैल 2024 को नवीनतम रिपोर्ट जारी की जिसमें वर्ष 2022 में 959380 व्यक्ति अमेरिकी नागरिक बने हैं, जिसमें भारत का स्थान दूसरे नंबर पर है जिसके 65960 लोगों को अमेरिकी नागरिकता मिली है। मेरा मानना है कि इसमें अनेक प्रतिभाएं ऐसी होगी, जो हमारे विजन 2047 की नींव का एक हिस्सा हो सकती थी। चूंकि यूरोपीय संघ के 29 देशों के वीजा नियम बेहद आसान हुए हैं,जो खासकर भारतीयों के पक्ष में है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विजन 2047 की नीव हमारी बौद्धिक शारीरिक प्रतिभाओं को विदेशों में पलायन से रोकने सख़्त नियम बनाने की जरूरत है। साथियों बात अगर हम यूरोपीय संघ द्वारा अपने वीजा नियमों में बदलाव से भारतीयों के लिए वीजा बेहद आसान होने की करें तो, यूरोपीय आयोग ने भारतीय नागरिकों के लिए मौजूदा नियमों में कुछ बदलाव किए हैं। भारत में यूरोपीय संघ के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने नई वीजा व्यवस्था को दोनों पक्षों के बीच लोगों से लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने की दिशा में एक और कदम बताया है। वीजा मानदंडों में यह बदलाव यूरोपीय संघ और भारत के बीच मजबूत संबंधों को देखते हुए लिया गया है। वीजा जारी करने पर विशिष्ट नियम अपनाए,यूरोपीय संघ ने कहा, 18 अप्रैल को यूरोपीय आयोग ने भारतीय नागरिकों को मल्टीपल एंट्री वीजा जारी करने पर विशिष्ट नियम अपनाए हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## बोधि वृक्ष

# मां लक्ष्मी का प्रसिद्ध तथा अनूठे मंदिर



मंदिर के मुख्य द्वार पर सुंदर नक्काशी है। मंदिर परिसर में विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित हैं। मंदिर का इतिहास अत्यंत रोचक है। अंग्रेजों ने जब महालक्ष्मी क्षेत्र को वर्ली क्षेत्र से जोड़ने के लिए ब्रीच कैंडी मार्ग को बनाने की योजना बनाई। तब समुद्र की तूफानी लहरों के चलते पूरी योजना खटाई में पड़ती प्रतीत हुई। उस समय देवी लक्ष्मी एक ठेकेदार राम जी शिवा जी के स्वप्न में प्रकट हुई और उन्हें समुद्र तल से देवियों की तीन प्रतिमाएं निकाल कर मंदिर में स्थापित करने का आदेश दिया राम जी ने ऐसा ही किया और ब्रीच कैंडी मार्ग का निर्माण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

**महालक्ष्मी मंदिर, कोल्हापुर**

यह मंदिर, जो अम्बाबाई मंदिर के रूप में भी जाना जाता है, देवी महालक्ष्मी को समर्पित एक महत्वपूर्ण हिन्दू मंदिर है और यह भारत के महाराष्ट्र के प्राचीन शहर कोल्हापुर के केंद्र में स्थित है। देवी पुराण के अनुसार यह 51 शक्तिपीठों में से एक है। स्कंद पुराण की शंकर संहिता और अष्ट दशा शक्तिपीठ स्तोत्रम के अनुसार 18 महाशक्ति पीठों में से यह एक है। वहीं शाक्त पाठ में वर्णित मूल प्रकृति भी महालक्ष्मी देवी हैं। स्कंद पुराण के लक्ष्मी सहस्त्रनाम में भी देवी का वर्णन है।

(क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

# फोन खोने या चोरी होने पर मददगार होगी गूगल की यह सर्विस



कई बार लोगों का फोन चोरी या गुम हो जाता है। तो वे परेशान हो जाते है, लेकिन अब घबराने की जरुरत नहीं है। आप गूगल का फ्री फीचर का इस्तेमाल कर सकते हैं। फाइंड माय डिवाइस के जरिए अपना फोन तलाश किया जा सकता है, जानिए सारी डिटेल्स। चलिए आपको बताते हैं चोरी या गुम हुए फोन को कैसे तलाश करें। आज के समय में सभी के पास महंगे-महंगे स्मार्टफोन होते हैं। ऐसे में कभी फोन चोरी हो जाए या फिर गुम हो जाए तो काफी परेशानियां बढ़ जाती है। फोन के साथ ही उसमें मौजूद फोटो, वीडियो और चैट भी होती है। हालांकि, आप इस टिप्स को फॉलो करने अपने एंड्रॉयड डिवाइस को खुद ही ढूंढ सकते हैं। चलिए आपको बताते हैं चोरी या गुम हुए फोन को कैसे तलाश करें।

**फाइंड माय डिवाइस फीचर की मदद लें**

गूगल के सभी एंड्रॉयड डिवाइस में फाइंड माय डिवाइस के जरिए आप अपना चोरी या गुम हुआ फोन को तलाश कर सकते हैं। बता दें कि, फाइंड माय डिवाइस नाम का एक गजब का मुफ्त एप दे रखा है।

(क्रमशः)

**स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com**
**(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)**

## यूक्रेन के लिए 61 अरब डॉलर की सहायता को दी मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कांग्रेस ने कई महीनों के इंतजार के बाद यूक्रेन के लिए 61 अरब डॉलर के सहायता पैकेज को आखिरकार मंजूरी दे दी है। इससे पहले शनिवार को अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में विधेयक को मंजूरी दी गई थी। अब सीनेट ने मंगलवार को 100 सीटों वाले ऊपरी सदन में 79 मतों के साथ विधेयक को मंजूरी दे दी। अब इस विधेयक को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की मंजूरी का इंतजार है। मतदान के तुरंत बाद बाइडेन ने कहा, "मैं इस विधेयक पर हस्ताक्षर कर इसे कानून बना दूंगा। कल जैसे ही यह मेरी मेज पर पहुंचेगा, मैं अमेरिकी लोगों को संबोधित करूंगा ताकि हम इस सप्ताह यूक्रेन को हथियार और उपकरण भेजना शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि वह इस सप्ताह यूक्रेन को हथियार और उपकरण पहुंचाना शुरू करना चाहते हैं।" बिडेन ने कहा, " इजरायल और ताइवान के लिए अरबों डॉलर की सहायता का विधायी पैकेज पारित कर अमेरिकी कांग्रेस ने दुनिया में अमेरिकी नेतृत्व की शक्ति का प्रदर्शन किया है।" हम लोकतंत्र और स्वतंत्रता के लिए तथा अत्याचार और उत्पीड़न के खिलाफ दृढ़ता से खड़े हैं। बाइडेन ने कहा, "रूस से लगातार बमबारी का शिकार हो रहे यूक्रेन को समर्थन की तत्काल आवश्यकता है। विधेयक में इजरायल के लिए सहायता भी शामिल है जिसने हाल ही में ईरान से अभूतपूर्व हमलों का सामना किया है।" उन्होंने आगे कहा, यह महत्वपूर्ण कानून हमारे देश और दुनिया को और अधिक सुरक्षित बनाएगा।

# सिडनी चर्च में चाकूबाजी घटना की बाद छापे में सात नाबालिग गिरफ्तार

**एजेंसी। सिडनी**

सिडनी के वेकले चर्च में पादरी को चाकू मारने के मामले के बाद बुधवार को एक आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया गया जिसमें पूरे सिडनी में सात नाबालिगों को गिरफ्तार किया गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस (एएफपी) की डिप्टी कमिश्नर क्रिसी बैरेट ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुष्टि की, सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है, सभी नाबालिग हैं, और अन्य पांच हमारी पूछताछ में पुलिस की सहायता कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वेकले चाकूबाजी मामले पर हमारी जेसीटीटी (संयुक्त काउंटर टेररिज्म टीम) जांच कर रही है। इस कड़ी में, हमने कथित अपराधी और उसके कुछ साथियों के नेटवर्क के बीच संबंधों की पहचान की है, जिनके बारे में हमारा मानना है कि वे हिंसक विचारधारा वाले हैं। ऑपरेशन स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 11:15 बजे शुरू




हुआ, जिसमें एएफपी और न्यू साउथ वेल्स पुलिस फोर्स (एनएसडब्ल्यूपीएफ) के 400 से ज्यादा अधिकारी शामिल थे। दक्षिण-पश्चिमी सिडनी में कुल 13 तलाशी वारंट एग्जीक्यूट किए गए हैं। एनएसडब्ल्यूपीएफ के डिप्टी कमिश्नर डेविड हडसन ने कहा कि 16 वर्षीय अपराधी की गिरफ्तारी के बाद कई सहयोगियों की पहचान की गई, जिन पर और अधिक ध्यान देने और जांच की आवश्यकता है। हडसन ने कहा, ये धार्मिक रूप से प्रेरित हिंसक चरमपंथी विचारधारा वाला हैं।
घटना के बाद से ये जांच आगे बढ़ रही है। जांच में व्यापक निगरानी गतिविधियां और उन व्यक्तियों की गहन जांच शामिल है।

## वंदे भारत ट्रेनों में मिलेगी 500 मिली वाली पानी की बोतल

**नई दिल्ली।** पीने के पानी की बबार्दी को रोकने के लिए अब सभी वंदे भारत ट्रेनों में प्रत्येक यात्री को एक लीटर की बजाय 500 मिलीलीटर के पानी की बोतल दिए जाने का निर्णय लिया है। हालांकि आवश्यकता होने पर यात्रियों को 500 मिलीलीटर की एक और रेल नीर पीडीडब्ल्यू बोतल बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के दी जाएगी। उत्तर रेलवे ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि कीमती पेयजल को बचाने के लिए रेलवे ने सभी वंदे भारत ट्रेनों में प्रत्येक यात्री को 500 मिलीलीटर की एक रेल नीर पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर (पीडीडब्ल्यू) बोतल देने का निर्णय लिया है।

# जेपी मॉर्गन के सीईओ ने जमकर की मोदी की तारीफ

### कहा- अमेरिका में उनके जैसे नेता की सख्त जरूरत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



जेपी मॉर्गन चेज एंड कंपनी के सीईओ जेमी डिमन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि भारत के लिए उन्होंने अविश्वसनीय काम किया है। जेमी डिमन ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए आगे कहा कि, वह तमाम चुनौतियों का डटकर सामना कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने इशारों में यह भी कहा कि अमेरिका में भी ऐसे नेता की जरूरत है। जो सभी चुनौतियों का डटकर सामना कर सके। जेपी डिमन ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने प्रयासों से 400 मिलियन लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। वह एक कार्यक्रम में अपने विचार रख रहे थे। उन्होंने इसके साथ ही यह भी उम्मीद भी जता दी कि इस गर्मी में पीएम मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटने वाले हैं।

# दशकों में सबसे गंभीर खतरों का सामना कर रहा वैश्विक मानवाधिकार : एमनेस्टी

**यूक्रेन पर रूस का आक्रमण, विश्व में सशस्त्र संघर्षों की बढ़ती संख्या और बड़े पैमाने पर मानवाधिकारों का उल्लंघन देखा गया है**




**एजेंसी। लंदन**

लंदन स्थित समूह एमनेस्टी इंटरनेशनल ने बुधवार को अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि दुनिया भर में मानवाधिकार दशकों में सबसे गंभीर खतरों का सामना कर रहे हैं। संगठन ने गाजा और यूक्रेन में संघर्षों के साथ-साथ सत्तावादी सरकारों पर कहा कि वो अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन और मौलिक अधिकारों की उपेक्षा कर अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

एमनेस्टी के महासचिव एग्नेस कैलमार्ड ने कहा, गाजा में नरसंहार को रोकने में उनके सहयोगियों की विफलता के चलते इजरायल लगातार अंतरराष्ट्रीय कानून की उपेक्षा कर रहा है। यूक्रेन पर रूस का आक्रामण, विश्व में सशस्त्र संघर्षों की बढ़ती संख्या और बड़े पैमाने पर मानवाधिकारों का उल्लंघन देखा गया है। उदाहरण के लिए, सूडान, इथियोपिया और म्यांमार में वैश्विक नियम-आधारित व्यवस्था के खत्म होने का खतरा है। कैलमार्ड ने कहा, 2023 में हमने जो देखा वह पुष्टि करता है कि कई शक्तिशाली देश मानव अधिकारों की घोषणा में निहित मानवता और सार्वभौमिकता के संस्थापक मूल्यों को त्याग रहे हैं। अन्य बातों के अलावा, रिपोर्ट गाजा युद्धविराम के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को महीनों तक बाधित करने के लिए अमेरिका द्वारा अपने वीटो के इस्तेमाल की आलोचना करती है।

एक प्रेस विज्ञप्ति में एमनेस्टी ने कहा, रिपोर्ट ब्रिटेन और जर्मनी जैसे यूरोपीय देशों के विचित्र दोहरे मानकों को भी उजागर करती है, रूस और हमास द्वारा युद्ध अपराधों के बारे में उनके सुस्थापित विरोध को देखते हुए, साथ ही वे इस संघर्ष में इजरायली और अमेरिकी अधिकारियों की कार्रवाइयों का समर्थन करते हैं। वैश्विक मानवाधिकार स्थिति में गिरावट के लिए यूक्रेन में युद्ध का बहुत बड़ा योगदान है। रिपोर्ट में कहा गया है, रूसी और यूक्रेनी दोनों सेनाओं ने अपने नागरिकों के लिए स्थायी जोखिमों के बावजूद क्लस्टर हथियारों का इस्तेमाल किया।

कैलमार्ड ने कहा, एमनेस्टी इंटरनेशनल की रिपोर्ट चिंताजनक मानवाधिकार दमन और बड़े पैमाने पर अंतरराष्ट्रीय नियम-तोड़ने की निराशाजनक तस्वीर पेश करती है, यह सब गहरी होती वैश्विक असमानता, सर्वोच्चता के लिए होड़ करने वाली महाशक्तियों और बढ़ते जलवायु संकट के बीच है।

## गाजा युद्धविराम वार्ता में मध्यस्थ की भूमिका का पुनर्मूल्यांकन करेगा कतर

**एजेंसी। दोहा**



कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का कहना है कि कतर, इजरायल और हमास के बीच मध्यस्थ के रूप में अपनी भूमिका का पुनर्मूल्यांकन कर रहा है। माजिद अल-अंसारी ने मंगलवार को एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, विभिन्न मीडिया आउटलेट्स और अधिकारियों का मकसद मध्यस्थ के रूप में कतर की भूमिका पर हमला करना था। वे ऐसे हमलों को सही ठहराने के लिए गलत जानकारी का इस्तेमाल कर रहे हैं।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कतर को कुछ इजरायली और अमेरिकी राजनेताओं की आलोचना का सामना करना पड़ा है, जिन्होंने खाड़ी देश पर आतंकवादी संगठन के बहुत करीब होने का आरोप लगाया है। संघर्ष की शुरूआत के बाद से दोहा ने बार-बार आरोपों को खारिज किया है। गाजा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई को सुविधाजनक बनाने के मकसद से इजरायल और हमास के बीच बातचीत में गतिरोध आ गया है। प्रवक्ता ने कहा, हम यह देखेंगे कि क्या दोनों पक्षों की स्थिति में कोई बदलाव आया है जिससे बातचीत आगे बढ़े। 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से कतर दोनों युद्धरत पक्षों के बीच मध्यस्थता का प्रयास कर रहा है।

## भाजपा उम्मीदवार माधवी लता ने रैली करने के बाद भरा पर्चा



**एजेंसी। हैदराबाद**

भाजपा की हैदराबाद से लोकसभा उम्मीदवार माधवी लता ने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल करने से पहले चारमीनार से एक रैली निकाली। नामांकन दाखिल करने के लिए हैदराबाद जिला कलेक्टरेट जाने से पहले उन्होंने अपने समर्थकों के साथ ऐतिहासिक स्मारक से सटे भाग्य लक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना की। सैकड़ों भाजपा समर्थकों ने पार्टी के झंडे लेकर और नारे लगाते हुए रैली में हिस्सा लिया।
रैली गुलजार हौज, पथरगट्टी, मदीना, नया पुल और अफजल गंज से होकर गुजरी। केसरिया वस्त्र पहने माधवी लता ने मंदिर में अनुष्ठानों में हिस्सा लिया और शंख भी बजाया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर बाद में नामांकन रैली में शामिल हुए और लोगों से भाजपा उम्मीदवार को समर्थन देने की अपील की। इससे पहले, चारमीनार में पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा उम्मीदवार ने एआईएमआईएम, कांग्रेस और बीआरएस को हराने के लिए लोगों से समर्थन मांगा। भाजपा उम्मीदवार माधवी लता पर रामनवमी जुलूस के दौरान एक मस्जिद की ओर काल्पनिक तीर चलाने के इशारे के लिए पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## छत्तीसगढ़ के तीन सीटों पर मतदान 26 अप्रैल को

**गरियाबंद।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छत्तीसगढ़ की महासमुंद, राजनांदगांव और कांकेर सीटों में 26 अप्रैल को मतदान होगी। वहीं अति संवेदनशील इलाका आमामोरा ओंड के लिए हेलीकॉप्टर से दल रवाना हुआ। कलेक्टर ने सभी को गुलाब फूल भेंट कर शुभकामनाएं दी। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने अति संवेदनशील इलाका आमामोरा ओंड के लिए हेलीकॉप्टर से मतदान दल को रवाना कर उन्हें गुलाब फूल भेंट कर शुभकामनाएं दी। दोनों बूथ के लिए 6 दल के अलावा उतने ही संख्या में रिजर्व दल मिलाकर कर कुल 12 दलों को प्रशासन ने 48 घंटे पहले रवाना कर दिया है। पुलिस परेड ग्राउंड में सेना के हेलीकॉप्टर से उन्हें रवाना किया गया है। कलेक्टर ने बताया कि, पर्याप्त सुरक्षा का इंतजाम किया गया है। उन्होंने दावा ने किया है कि पिछले लोकसभा चुनाव में हुए 76 प्रतिशत से इस बार ज्यादा करने का लक्ष्य हासिल होगा।

# ब्रृजभूषण सिंह का एक और खास नरसिंह भारतीय कुश्ती महासंघ में



**ब्यूरो। नई दिल्ली**

जिस भाजपा नेता व सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर ओलम्पिक पदक विजेता महिला खिलाड़ियों ने यौन शोषण का आरोप लगाया था, उसको व उसके लोगों को पद से हटाने की मांग को लेकर कई माह तक रात -दिन जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन करती रहीं। उसी ब्रजभूषण के एक और खास आदमी नरसिंह पंचम को बुधवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के एथलीट आयोग का अध्यक्ष चुना गया । इसके साथ ही खेल की विश्व संचालन संस्था द्वारा अनिवार्य की गयी प्रक्रिया भी पूरी कर ली गयी। आयोग के सात स्थानों के लिए कुल आठ दावेदार दौड़ में थे और मतदान के बाद सात सदस्यों को चुना गया। इसके बाद उन्होंने आयोग के अध्यक्ष पद के लिए नरसिंह को चुना। मालूम हो कि 2016 ओलंपिक से पहले टीम के सदस्य नरसिंह सुर्खियों में आ गये थे जब ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार ने उनके खिलाफ एक ट्रायल मुकाबले का अनुरोध किया था । जबकि वह चोट के कारण क्वालिफिकेशन टूनामेंट में नहीं खेल पाए थे।

सुशील ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और उनकी अपील खारिज होने के बाद पुष्टि हो गयी कि नरसिंह ही रियो ओलंपिक जायेंगे। लेकिन नरसिंह ओलंपिक से पहले करायी गयी दो डोप जांच में विफल हो गये थे, जिससे खेल पंचाट ने उन्हें चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। हालांकि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने उन्हें यह कहते हुए पाक साफ करार कर दिया था कि वह साजिश के कारण डोप जांच में पॉजिटिव आये थे। खेल पंचाट का फैसला नरसिंह के शुरूआती मुकाबले से एक दिन पहले ही आया था जिससे वह रियो से बिना खेले ही वापस लौट आये थे। उनका प्रतिबंध जुलाई 2020 को खत्म हुआ और उन्होंने कहा कि था कि यह घटनाक्रम साजिश का हिस्सा था। एथलीट आयोग के लिए चुने गये अन्य सदस्य साहिल (दिल्ली), स्मिता ए एस (केरल), भारतीय भाघेई (उत्तर प्रदेश), खुशबू एस पवार (गुजरात), निक्की (हरियाणा) और श्वेता दुबे (बंगाल) हैं। खेल की अंतरराष्ट्रीय संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डब्ल्यूएआई का निलंबन हटाते हुए कहा था कि संजय सिंह की अगुआई वाली राष्ट्रीय महासंघ के लिए पहलवानों की शिकायतों को निपटाने के लिए एथलीट आयोग गठित करना अनिवार्य होगा।

## न्यूज बॉक्स

### मां महबूबा मुफ्ती के लिए चुनाव प्रचार करने निकलीं बेटी इल्तिजा मुफ्ती

**अनंतनाग।** यूं तो जम्मू-कश्मीर में लोकसभा की महज पांच सीटें हैं, लेकिन राजनीतिक दृष्टिकोण से इनका व्यापक महत्व है। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के चुनाव से पहले इन सभी सीटों का सियासी पारा अपने चरम पर पहुंच चुका है। अनंतनाग-राजौरी से पीडीपी प्रत्याशी महबूबा मुफ्ती चुनावी मैदान में हैं। उनका मुकाबला नेशनल कांफ्रेंस के मियां अल्ताफ से है। इन दोनों दिग्गजों की मौजूदगी ने इस सीट पर मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। इस दौरान, महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती अपनी मां के समर्थन में चुनाव प्रचार करने पहुंची हैं। वो लोगों से कह रही हैं कि वो एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में चुनाव प्रचार करने पहुंची है। वो अपनी मां की सीएम रहने के दौरान उपलब्धियों को भी गिना रही हैं। इल्तिजा मुफ्ती अपनी मां के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित कर उनके मुख्यमंत्री रहते हुए जम्मू-कश्मीर की उपलब्धियों से जनता को अवगत करा रही हैं। इल्तिजा के संबोधन को सुन रहे मौके पर मौजूद लोग भी ताली बजाकर उनका समर्थन कर रहे हैं। बता दें, पीडीपी ने बीते दिनों अपना घोषणापत्र भी जारी किया था, जिसमें वादा किया गया था कि अगर पीडीपी को सत्ता की कमान सौंपी गई, तो जम्मू-कश्मीर में चौतरफा विकास की बयार बहेगी। इसके अलावा, पीडीपी ने अपने मेनिफेस्टो में यह भी कहा कि वह केंद्र द्वारा धारा 370 निरस्त किए जाने के फैसले पर पुनर्विचार कर आगे की रूपरेखा तैयार करेगी।



### इंडी अलायंस परिवारवाद और भ्रष्टाचारी पार्टियों का गठबंधन : जेपी नड्डा

**भागलपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को इंडी गठबंधन पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि यह परिवारवाद और भ्रष्टाचारी पार्टियों का गठबंधन है। इस गठबंधन में आधे जेल तो आधे जमानत पर हैं। बिहार के भागलपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मीसा भारती और तेजस्वी यादव समेत पूरा परिवार जमानत पर है। जबकि, अरविंद केजरीवाल, हेमंत सोरेन सहित आप के कई नेता जेल में हैं। आज देश बदल रहा है। भागलपुर में सड़कों की स्थिति बदल गई है। आज देश में राजनीतिक सोच, संस्कृति और तौर-तरीके बदल गए हैं। पहले चुनाव में जातियों की बात होती थी, आज विकास की बात होती है। आज विकासवाद पर लोग चर्चा कर रहे हैं। पहले पता नहीं चलता था कि सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क है। हमने वो दिन भी देखे हैं। आज बदलता बिहार और बदलता भागलपुर भी अपनी आंखों से देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि लालू यादव आपातकाल में जेल गए थे। लेकिन, आज वे उसी कांग्रेस के साथ गलबहियां कर रहे हैं। मटन बनाना सिखा रहे हैं।



### तेजस्वी यादव ने 'एनडीए को चुनो' बयान पर दी सफाई, भाजपा पर साधा निशाना

**पूर्णिया।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा। चुनाव से पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पूर्णिया सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई मुद्दों पर जवाब दिया। इस दौरान तेजस्वी यादव ने अपने बयान पर भी सफाई दी। उन्होंने एक रैली में कहा था, आप इंडिया गठबंधन को चुनिए। अगर आप इंडिया गठबंधन की बीमा भारती को नहीं चुनते हैं, तो आप एनडीए को चुनो। तेजस्वी ने अब इस बयान पर सफाई में कहा है कि हमने यह कहा था कि संविधान को बचाना है तो इंडिया को वोट करें, अन्यथा एनडीए चुनाव जीत गई तो संविधान खतरे में पड़ जाएगा। तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि हमारे देश में सभी को चुनाव लड़ने का अधिकार है। कोई भी व्यक्ति कहीं से भी चुनाव लड़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि पप्पू यादव इससे पहले भी कई चुनाव लड़ चुके हैं, क्या हश्र हुआ है, सबको पता है।




## आज का राशिफल

**मेष** — कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**वृषभ** — स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्धि होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सम्पत्ति से लाभ।

**मिथुन** — महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क** — धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**सिंह** — मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**कन्या** — धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। स्थान परिवर्तन की संभावना हैं।

**तुला** — रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का योग है।

**वृश्चिक** — कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**धनु** — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा।

**मकर** — परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी।

**कुम्भ** — मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।


**मीन** — शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

# कम्युनिस्ट पार्टी के दिन लदे : अमित शाह

### पीएफआई से मदद लेती है कम्युनिस्ट पार्टी और कांग्रेस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमित शाह ने केरल में एक चुनावी रैली में कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि भारत को इस्लामिक स्टेट बताने वाली वेलफेयर पार्टी भी कांग्रेस का समर्थन कर रही है। कम्युनिस्ट पार्टी और कांग्रेस प्रतिबंधित पीएफआई का समर्थन ले रहे हैं। कम्युनिस्ट पार्टी चुप है, जबकि पीएम मोदी देश की रक्षा के लिए निरंतर काम करे हैं। केरल में एक चुनावी सभा में गृहमंत्री अमित



शाह पहुंचे। उन्होंने इस सभा में कम्युनिस्ट पार्टी और कांग्रेस पर तीखे वार किए। उन्होंने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी न केवल देश से बल्कि विश्व से ही गायब होती जा रही है। वहीं कांग्रेस पार्टी के बारे में उन्होंने कहा कि कांग्रेस का भी पतन शुरू हो चुका है। क्योंकि यहां बीजेपी का समय है।
उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग पीएफआई से मदद लेते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाला समय भाजपा का है, कांग्रेस और कम्युनिस्ट का पतन शुरू हो गया है। गृहमंत्री अमित शाह में चुनावी रैली में कहा यह भी कहा कि आपको सही विकल्प याद रखना चाहिए।

## सलमान के आवास पर फायरिंग मामले में बिहार से पांच गिरफ्तार

**मुंबई ।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास पर हवाई फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस ने बिहार से पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। इन पांचों को बुधवार को पुलिस बिहार से मुंबई लाई है। यह सभी युवक गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े बताए जा रहे हैं। मुंबई पुलिस सूत्रों के अनुसार सलमान खान हाउस फायरिंग मामले की छानबीन में बिहार के युवकों के शामिल होने का इनपुट मिला था।

# मल्लिकार्जुन खरगे का मोदी-शाह पर हमला

### दशकों पुरानी फैक्ट्रियां अंबानी-अदाणी को बेचने का लगाया आरोप

**एजेंसी। कलबुर्गी**

लोकसभा चुनाव के रण में पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्योरोपों का दौर चल रहा है। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्नाटक के कलबुर्गी से भाजपा पर तीखा हमला किया है। खरगे का कहना है कि पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह राज्य द्वारा दशकों पहले स्थापित फैक्ट्रियों को अंबानी और अदाणी को बेच रहे हैं।

**गांधी परिवार ने देश का धन लूटा तो पीएम उसे वापस लाएं**



कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को चुनौती देते हुए कहा कि अगर गांधी परिवार ने देश के धन को लूटा है, तो प्रधानमंत्री इस परिवार को दोष देने के बजाय उस लूटे हुए धन को वापस लाएं। हालांकि, 1989 के बाद से गांधी परिवार को कोई भी सदस्य प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या कैबिनेट मंत्री नहीं रहा है। खरगे ने पूछा ह्यपीएम मोदी दावा करते हैं कि उन्होंने बड़े काम किए हैं, मेरा सवाल है कि आपने क्या काम किए? आप पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा स्थापित की गई फैक्ट्रियों को बेचने का काम कर रहे हैं।

**इस देश में दो विक्रेता और दो खरीदार**

खरगे ने कहा कि इस देश में मोदी और शाह के रूप में दो विक्रेता और अंबानी और अदाणी के रूप में दो खरीदार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री देश के लोगों के लिए नहीं बल्कि अंबानी और अदाणी के लिए काम कर रहे हैं और दोनों की नेता इन उद्योगपतियों को ताकतवर बनाना चाहते हैं। इस सीट पर सात मई को मतदान होना है।

# स्टॉयनिस ने न सिर्फ पावर हिटिंग की बल्कि स्मार्ट बैटिंग भी की : केएल राहुल

**एजेंसी। चेन्नई**

चेन्नई सुपरकिंग्स पर लगातार दो जीत हासिल करने के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल ने इस जीत को विशेष बताया है और इसका श्रेय पूरी तरह मार्कस स्टॉयनिस को देते हुए कहा कि उन्होंने ना सिर्फ. पावर हिटिंग की बल्कि स्मार्ट बैटिंग भी की। राहुल ने मैच के बाद कहा, ₹ऐसे मैच को जीतना हमेशा ही बहुत विशेष होता है। दोनों टीमों ने कम से कम 210 के स्कोर बनाए। हम अधिकतर समय मैच में पीछे थे, इसलिए यह जीत और भी विशेष हो जाती है। इसका पूरा श्रेय स्टॉयनिस को जाता है। उन्हें बाहर से बल्लेबाजी करते देखना सुखद था। उन्होंने ना सिर्फ. पावर हिटिंग की बल्कि स्मार्ट बैटिंग भी की।₹ उन्होंने कहा,"चेन्नई ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। मुझे नहीं लगा था



कि ये पिच दो सौ वाली है। उन्होंने हमारे गेंदबाजों पर दबाव बनाया और फिर जिस तरह से स्टॉयनिस ने बल्लेबाजी की, वह काबिल ए तारीफ है। स्टॉयनिस को ऊपर भेजने के पीछे हमारी योजना यही थी कि पावरप्ले में हमें एक पावर हिटर की जरूरत थी। पिछले कुछ वर्षों में आईपीएल का प्रारूप बदला है। मैं अपने गेम पर काफी काम कर रहा हूं। पिछले कुछ समय से मैंने टी ट्वेंटी क्रिकेट नहीं खेली है लेकिन मैं काफी काम कर रहा हूं। मुझे लगता है कि मैं आज के कैच के लिए कैच ऑफ द टूनामेंट का अवॉर्ड जीतूंगा।" पिछले पांच मैचों में तीन हार के बाद चेन्नई अंक तालिका में पांचवें स्थान पर खिसक गया है, जबकि टूनामेंट में पांचवीं जीत के बाद लखनऊ अब चौथे स्थान पर है।

## विश्व नंबर एक के रूप में 100 सप्ताह के क्लब में शामिल हुईं स्वीयाटेक



**मैड्रिड।** दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक हाल ही में डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शीर्ष पर 100 सप्ताह बिताने वाली नौवीं खिलाड़ी बनने की उपलब्धि पर पहुंची हैं। इस उपलब्धि पर विचार करते हुए,स्वीयाटेक ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि इस मील के पत्थर को समझना कठिन है क्योंकि यह बहुत तेजी से हुआ है। डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शिखर पर 100 सप्ताह बिताने वाले नौ खिलाड़ियों के चुनिंदा समूह में स्वीयाटेक 22 साल 326 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाली मार्टिना हिंगिस, मोनिका सेलेस, स्टेफनी ग्राफ और क्रिस एवर्ट के बाद पांचवीं सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं।

# ट्रायथेलॉन चैंपियनशिप में भारत की कमान संभालेंगे प्रज्ञा मोहन, मुरलीधरन सिनिमोल

**प्रसिद्ध महिला ट्रायथेलीट प्रज्ञा ने अपना लगातार तीसरा दक्षिण एशियाई खिताब जीता था**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रज्ञा मोहन और आदर्श मुरलीधरन सिनिमोल 27 अप्रैल को नेपाल के पोखरा में एशिया ट्रायथेलॉन कप के साथ आयोजित होने वाली 2024 दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैंपियनशिप में एक मजबूत भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। प्रतियोगिता एक स्प्रिंट दौड़ है जिसमें 750 मीटर तैराकी, 20 किमी साइकिल और 5 किमी दौड़ शामिल है।

भारत ने पिछले संस्करण में पोडियम स्थान हासिल किया था, जिसमें देश की सबसे प्रसिद्ध महिला ट्रायथलीट प्रज्ञा ने अपना लगातार तीसरा दक्षिण एशियाई खिताब जीता था, जबकि महिलाओं की समग्र श्रेणी में नौवां स्थान भी हासिल किया था। महाराष्ट्र की संजना जोशी और मानसी मोहिते की जोड़ी, जिन्होंने




पिछले साल गुजरात की प्रज्ञा के बाद क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता था, महिला एलीट क्षेत्र में 13 भारतीय एथलीटों का हिस्सा हैं। सर्विसेज के मुरलीधरन सिनिमोल, जो पिछले साल तीसरे स्थान पर रहे थे, 2022 में विजेता थे, और पुरुषों के एलीट क्षेत्र में भारत के प्रभारी थे, जिसमें तेलहेइबा सोरम और क्षेत्रिमायुम कबिदश सिंह की होनहार मणिपुर जोड़ी शामिल है।

# सीएसके सही टीम कॉम्बिनेशन की तलाश में है : फ्लेमिंग

**एजेंसी। चेन्नई**

प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपलब्धता के कारण चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को इस आईपीएल सीजन की कार्ययोजना में बदलाव करना पड़ा है, जिसके बाद कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने स्वीकार किया कि टीम 'सही संयोजन खोजने की कोशिश' कर रही है। पूरे टूनामेंट के दौरान, मथीशा पथिराना (हैमस्ट्रिंग) और रहाणे (काफ निगल) की चोटों के कारण सीएसके का संतुलन बिगड़ गया है। इसके अतिरिक्त, मुस्तफिजुर रहमान की सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अनुपस्थिति भी टीम को महंगी पड़ गई। रचिन रवींद्र को बाहर करने का निर्णय और उनकी जगह डेरिल मिचेल को टीम में शामिल करने के साथ कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ को शीर्ष पर अजिंक्य रहाणे के साथ



जोड़ने के लिए बल्लेबाजी क्रम में जो बदलाव हुए, उससे टीम को ज्यादा लाभ नहीं मिला। फ्लेमिंग ने मैच के बाद कहा, हम कुछ क्षेत्रों में थोड़े असहज हैं। इसलिए, हम बस कोई समाधान ढूंढने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। जल्द ही टीम में एक बड़ा बदलाव होगा जिसमें मुस्तफिजुर बाकी सीजन के लिए टीम का साथ छोड़ देंगे। तो, हम बस तैयारी करने और एक ऐसी टीम बनाने की कोशिश कर रहे हैं जो हमें मैच जिता सके और आगे बढ़ने का मौका दे सके।"

# इटालियन कप के फाइनल में पहुंचा जुवेंटस

**एजेंसी। रोम**

जुवेंटस ने सेमीफाइनल में लाजियो पर 3-2 के कुल स्कोर से जीत के साथ इटालियन कप फाइनल में जगह बनाई। 83वें मिनट में स्थानापन्न के रूप में आने के बाद अर्काडियुज मिलिक ने कुछ सेकंड बाद गोल करके ओल्ड लेडी को स्टैडियो ओलम्पिको में भेजा। रोम में मैच के 12 मिनट बाद लाजियो के वैलेन्टिन कैस्टेलानोस ने बढ़त बनाई और हाफ टाइम के तीन मिनट बाद टाई में अपना दूसरा गोल जोड़ा।

दूसरा चरण 2-1 से हारने के बावजूद, मासिमिलियानो एलेग्री की टीम आगे बढ़ी। ट्यूरिन में पहला चरण 2-0 से हारने के बाद, लाजियो को सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद थी जब कैस्टेलानोस ने एक कॉर्नर पर हैडर से गोल कर दिया। स्ट्राइकर ने ब्रेक के ठीक बाद मटिया पेरिन से आगे एक नीचा शॉट गोल में ड्रिल करके, मंगलवार



रात को लाजियो को 2-0 से आगे कर दिया, और कुल स्कोर पर बराबरी कर ली। जैसे ही खेल अतिरिक्त समय की ओर बढ़ रहा था, पोलैंड के अंतर्राष्ट्रीय मिलिक ने एक खाली गोल में गेंद पहुंचकर जुवे को फियोरेंटीना या अटलांटा के खिलाफ फाइनल में पहुंचा दिया। खिलाड़ियों ने अंतिम सीटी बजने पर यह जानते हुए जश्न मनाया कि 18 मई को कप फाइनल में उनकी उपस्थिति न केवल इस अभियान में ट्रॉफी का सपना जीवित रखती है बल्कि अगले सीजन में इटालियन सुपर कप तक पहुंच की गारंटी भी देती है।

## सिफ्त, नीरज ने 3पी में पहला ओलंपिक चयन ट्रायल जीता


**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों की चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्त कौर समरा यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में बुधवार को महिलाओं की पहली 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन (3पी) ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी टी1) में विजयी रहीं, जबकि पुरुषों की स्पर्धा में नीरज कुमार ने अपने चार प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ दिया। सिफ्त का मुकाबला इन-फॉर्म आशी चौकसी से था, जो क्वालीफिकेशन में कुछ दूरी से टॉपर थीं, जो पहले 15 नीलिंग पोजिशन शॉट्स के बाद आगे चल रही थीं। इसके बाद वह प्रोन स्थिति में पूरी तरह से आगे बढ़ने के लिए शानदार ढंग से उबर गई और इसके अंत तक, उसने न केवल घाटे को मिटा दिया, बल्कि अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पर 2.4 की बढ़त भी ले ली।

# बेंगलुरु से वापसी की उम्मीद हैदराबाद प्रबल दावेदार

**एजेंसी। हैदराबाद**

गुरूवार को सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जब अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ आईपीएल 2024 के रिवर्स मुकाबले में उतरेगी, तो उनकी नजर एक और जीत के साथ प्ले ऑफ के नजदीक जाने की होगी। फि लहाल वे अंक तालिका में पांच जीत और 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर काबिज हैं।

वहीं बेंगलुरु की नजर जीत के साथ टूनार्मेंट में वापसी करने पर होगी, जो आठ मैचों में सिर्फ. एक मैच जीत पाए हैं और लगातार छह मैच हार कर इस मुकाबले के लिए उतरेंगे। दोनों टीमों के बीच अब तक 24 आईपीएल मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 12-10 के साथ हैदराबाद आगे है। इस मैदान पर दोनों टीमों के बीच हुए आठ मुकाबलों में बेंगलुरु को सिर्फ. दो



मैचों में जीत हासिल हुई है, जबकि एक मैच रद्द भी रहा है। इस सीजन जब ये दोनों टीमें बेंगलुरू में भिड़ी थीं, तब हैदराबाद ने 287 रनों का एक रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया था। दर्शकों को इस मैच में भी एक बड़े स्कोर की उम्मीद होगी क्योंकि 2023 के बाद से इस मैदान पर लगभग नौ के रन रेट से रन बनते हैं।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## पेमेंट कंपनी 'पेयू' को नए ग्राहक जोड़ने की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली** । रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी पेयू को लगभग 15 महीने के बाद पेमेंट एग्रीगेटर के तौर पर काम करने की सैद्धांतिक मंजूरी दी है। कंपनी ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि रिजर्व बैंक ने प्रोसस बैक्ड फिनटेक फर्म पेयू को पेमेंट एग्रिगेटर (पीए) के रूप में काम करने और नए मर्चेंट्स को फिर से जोड़ने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी है। यह मंजूरी फाइनल लाइसेंस नहीं होता लेकिन कंपनियां इसके जरिए 6 से 12 महीने तक काम कर सकती है। कंपनी अब नए कारोबारियों को डिजिटल भुगतान सेवाएं प्रदान कर सकती है। कंपनी के सीईओ अनिर्बान मुखर्जी ने कहा कि यह लाइसेंस भारत में वैश्विक स्तर पर चर्चित डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचा स्थापित करने के हमारे लक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण है।

# ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री से सरकार को हुआ बड़ा फायदा, 5 गुना बढ़ा जीएसटी कलेक्शन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में गेमिंग को लेकर लोगों में क्रेज लगातार बढ़ रहा है। गेमिंग को कभी केवल एक शौक माना जाता था, लेकिन अब कई गेमर्स इससे अच्छी कमाई करने लगे हैं। गेमिंग अब केवल मनोरंजन का साधन भर नहीं रह गया है। कई लोग इसे अब एक आकर्षक करियर विकल्प के रूप में अपना रहे हैं। वहीं महिलाएं भी इसमें बिल्कुल पीछे नहीं हैं, इससे सरकार को भी काफी फायदा हो रहा है। अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही में ऑनलाइन गेमिंग से जीएसटी 3,470 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो पिछली तिमाही में कलेक्ट हुए 605 करोड़ रुपये से पांच गुना ज्यादा है। हाल ही में एचपी की गेमिंग लैंडस्केप स्टडी 2023 ने एक रिपोर्ट पेश किया था,



जिसमें 15 शहरों के 3000 गेमर्स पर एक सर्वे किया गया था। जिसमें ये पता चला कि 58 प्रतिशत महिलाएं हर हफ्ते 12 घंटे तक का समय गेमिंग पर दे रही हैं। वहीं पुरुषों के लिए ये आंकड़ा 74 प्रतिशत का है। उत्तर भारत में 54 प्रतिशत महिलाएं अब सीरियस गेमिंग कर रही हैं। जबकि पश्चिम भारत में ऐसा करने वाली महिलाओं का प्रतिशत 74 है। सर्वेक्षण में गेमिंग को लेकर माता-पिता की राय भी सामने आए हैं। कई अभिभावक गेमिंग को एक स्थायी करियर विकल्प के रूप में अपनाने को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं। दूसरी ओर कई अभिभावकों का मानना है कि गेमिंग कमाई का अच्छा जरिया हो सकता है। बता दें कि, उत्तर भारत के 52 प्रतिशत गेमर्स ने बताया कि वो ईस्पोर्ट्स प्रतियोगिता में हिस्सा लेना चाहते हैं। ये इस बात का सबूत है कि समाज गेमिंग को अब सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि करियर बनाने का एक अच्छा रास्ता भी मानने लगा है। इसका एक सबसे बड़ा उदाहरण पीएम मोदी द्वारा देश के बड़े गेमिंग इंफ्लूयएंसर्स से मीटअप है। उत्तर भारत के 53 प्रतिशत माता पित इस बात पर असमंजस में हैं कि क्या गेमिंग एक स्थायी करियर विकल्प हो सकता है। साथ ही सर्वे में शामिल 47 प्रतिशत माता-पिता मानते हैं कि गेमिंग अच्छी कमाई का जरिया हो सकता है।

## कोटक महिंद्रा बैंक में ऑनलाइन अकाउंट खोलने पर लगी रोक

**एजेंसी। नई दिल्ली**


रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बुधवार को निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक पर सख्त कार्रवाई की है। आरबीआई ने तत्काल प्रभाव से कोटक महिंद्रा बैंक को नए क्रेडिट कार्ड जारी करने पर रोकने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने पर बैन लगा दिया है। आरबीआई ने जारी एक बयान में बताया कि बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35ए के तहत कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड तत्काल प्रभाव से काम बंद करने का निर्देश दिया गया है। रिजर्व बैंक के मुताबिक इसमें ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों और नए क्रेडिट कार्ड जारी करना भी शामिल है।

# वाट्स एप से होगी डायरेक्ट कॉलिंग

**नए फीचर के बारे में जानकर रह जाएंगे दंग**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वाट्स एप समय समय पर अपने फीचर्स में बदलाव करता रहता है। साथ ही यूजर्स के लिए नए फीचर्स को भी ऐप में ऐड किया जाता है। अब एक बार फिर नए फीचर को ऐड किया गया है। अब आप सीधा व्हाट्सऐप से कॉलिंग कर पाएंगे। आपको कुछ करने की जरूरत नहीं होती है। अब एक नया कमाल का फीचर आपको मिलने वाला है जो काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। वाट्स एप पर कॉलिंग के लिए डेडिकेट डायलर दिया जाएगा। ये कोई पहली बार नहीं है जब ऐसे बदलाव किए गए हैं। इससे पहले व्हाट्सऐप ने बदलाव करने के बाद वीडियो और वॉयस कॉलिंग का ऑप्शन दिया था। इसके बाद ही कॉलिंग ऑप्शन दिए गए थे। लेकिन अब इसकी मदद से डायरेक्ट कॉलिंग का ऑप्शन मिलने वाला है। यानी आप सीधा



यहां पर जाकर कॉल कर पाएंगे और इसके लिए आपको अलग से कुछ करने की जरूरत नहीं होगी। वाट्स एप की तरफ से इसको लेकर जानकारी दी गई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि बीटा वर्जन में यूजर्स को ये मिलने वाला है। गूगल प्ले स्टोर पर व्हाट्सऐप के लेटेस्ट बीटा वर्जन के संकेत मिले हैं। यानी ये फिलहाल टेस्टिंग मोड में रहेगा। यहां पर इसकी टेस्टिंग की जाएगी और इसके बाद ये सभी यूजर्स के लिए रोल आउट कर दिया जाएगा। इसकी मदद से आपके लिए कॉलिंग करना काफी आसान हो जाएगा।

# रितिका जिंदल कैसे बनी यंगेस्ट आईएएस ऑफिसर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

यूपीएससी विश्व की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है। वहीं इसे क्रैक करने के लिए अस्पिरेंट्स को खूब मेहनत करनी पड़ती है। तब जाकर वे एक सफल प्रशासनिक अधिकारी बनते हैं। वहीं रितिका जिंदल यंगेस्ट आईएएस अधिकारी की सूची में शामिल हैं। मगर यहां पहुंचना रितिका के लिए बिल्कुल भी आसान नहीं था। उन्होंने कड़ी मेहनत की, तब जाकर वे सफलता पाई हैं। रितिका जिंदल पंजाब के मोगा जिले की रहने वाली हैं। रितिका जहां से ताल्लुक रखती हैं, वहां के लोगों की मानसिकता महिलाओं को अधिक पढ़ाने के पक्ष में नहीं है। मगर रितिका इस




चीज में बेहद भाग्यशाली हैं। उन्हें ऐसे माता-पिता मिले जिन्होंने रितिका को बचपन से ही पढ़ने के लिए प्रेरित किया। वह हमेशा से क्लास में टॉप करती थी। इतना ही नहीं, 12वीं बोर्ड के एग्जाम में भी वह 98.6% मार्क्स से स्टेट टॉपर रही हैं। इसलिए आज हम इस आर्टिकल में आपके लिए रितिका जिंदल की कहानी लेकर आए हैं जिससे आपको आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।रितिका बचपन से ही पढ़ाई में बेहद होनहार थी। इसलिए उन्होंने ठान लिया था कि वह आगे चलकर प्रशासनिक अधिकारी बनेगी। इसके लिए उन्हें जितनी मेहनत करनी पड़े, उसके लिए वह पीछे नहीं हटेगी। इसलिए उन्होंने कॉमर्स को चुना और आगे की पढ़ाई शुरू की।

## फोन हो गया चोरी या खोने पर मददगार साबित होगी गूगल की यह फ्री सर्विस

**एजेंसी। मुंबई**

फोन हो गया चोरी या खोने पर मददगार साबित होगी गूगल की यह फ्री सर्विस, उठाएं इसका फायदा

आज के समय में सभी के पास महंगे-महंगे स्मार्टफोन होते हैं। ऐसे में कभी फोन चोरी हो जाए या फिर गुम हो जाए तो काफी परेशानियां बढ़ जाती है। फोन के साथ ही उसमें मौजूद फोटो, वीडियो और चैट भी होती है। हालांकि, आप इस टिप्स को फॉलो करने अपने एंड्रॉयड डिवाइस को खुद ही ढूंढ सकते हैं। चलिए आपको बताते हैं चोरी या गुम हुए फोन को कैसे तलाश करें। गूगल के सभी एंड्रॉयड डिवाइस में फाइंड माय डिवाइस के जरिए आप अपना चोरी या गुम हुआ फोन को तलाश कर सकते हैं। बता दें कि, फाइंड माय डिवाइस नाम का एक गजब



का मुफ्त एप दे रखा है। इस एप को किसी अन्य डिवाइस में गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर लें। अगर आपके पास कोई अन्य फोन नहीं हो तो आप किसी अन्य व्यक्ति की मदद से इसे लॉगइन कर सकते हैं या फिर वेबसाइट के जरिए भी आप लॉगइन कर सकते हैं। अगर आप ने फाइंड माय डिवाइस में लॉगइन कर रखा है तो आपका चोरी या गुम हुए फोन ता नाम दर्ज करने के बाद गेट डॉयरेक्शन पर क्लिक करें।

# हाई क्वालिटी वीडियो अपलोड करने के लिए टीवी ऐप लॉन्च करेगा गूगल

**छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक एक्स सबकुछ बदल रहा**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब को टक्कर देते हुए, एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जल्द ही यूजर्स के लिए हाई क्वालिटी वीडियो अपलोड करने के लिए एक टीवी ऐप लॉन्च करेगा। इसकी घोषणा सीईओ लिंडा याकारिनो ने की। एक्स टीवी ऐप का यूजर इंटरफेस काफी हद तक यूट्यूब जैसा होगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में याकारिनो ने कहा कि छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक, एक्स सब कुछ बदल रहा है। एक्स सीईओ ने कहा, "जल्द ही हम एक्स टीवी ऐप के साथ आपके स्मार्ट टीवी पर रियल टाइम कंटेंट लाएंगे। बड़ी स्क्रीन पर हाई



क्वालिटी, शानदार एंटरटेनमेंट एक्सपीरियंस के लिए यह आपका पसंदीदा साथी होगा।" यूजर्स ट्रेंडिंग वीडियो एल्गोरिदम, एआई-पावर्ड टॉपिक, क्रॉस-डिवाइस एक्सपीरियंस, बेहतर वीडियो सर्च, आसान कास्टिंग और व्यापक उपलब्धता (अधिकतर स्मार्ट टीवी पर जल्द ही आने वाले) की उम्मीद कर सकते हैं। याकारिनो ने कहा, "हम आपको अपडेट रखेंगे। और हां, कृपया अपने आइडिया शेयर करें। हम अपने कम्युनिटी के लिए एक्स में बदलाव करते रहते हैं। ट्रेंडिंग वीडियो एल्गोरिदम यूजर्स को पॉपुलर कंटेंट के जरिए अपडेट रहने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। एक एक्स यूजर ने कहा कि क्रिएटर्स के लिए एक वीडियो प्लेलिस्ट/इंडेक्स अच्छा होगा, ताकि हम अपनी खुद की प्लेलिस्ट बना सकें। यूजर ने लिखा, "कई यूजर्स अलग-अलग तरह के वीडियो पोस्ट करते हैं और अपने ओरिजनल कंटेंट को 30 सेकंड के न्यूज क्लिप से अलग करना चाहते हैं, जिस पर वे कमेंट कर रहे हैं।



# इंडी गठबंधन ने कभी झारखंडियों का सम्मान नहीं किया : बाबूलाल

## झारखंड की वर्तमान सरकार ने लोहा, कोयला, बालू, पहाड़ सबकुछ लुटा दिया

**उपेंद्र गुप्ता रांची।**
भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी। पलामू से इस बार 10% ज्यादा वोट पड़ना चाहिए। कमल निशान का बटन दबाकर वीडी राम को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाना है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार में हुए विकास का कार्य किसी से छिपा नहीं है। वहीं इंडी गठबंधन ने कभी झारखंडियों का सम्मान नहीं किया। प्रधानमंत्री गांव, गरीब, महिला, युवा सबकी चिंता करते हैं। सबके लिए काम किया है। प्रधानमंत्री ने गरीबों को घर दिया, गैस दिया है, गरीब भूखे नहीं सोए, इसके लिए उन्हें मुक्त राशन दिया जा रहा है। यह अगले 5 साल तक जारी रहेगा। बीमार होने पर अच्छे अस्पताल में इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री ने आयुष्मान कार्ड भी दिया है। मरांडी ने कहा कि झारखंड अलग राज्य भाजपा की देन है। कांग्रेस, राजद, झामुमो ने कभी झारखंड के लोगों का सम्मान नहीं किया। झारखंड अलग राज्य का आंदोलन वर्षों से चल रहा था? कांग्रेस ने इस आंदोलन को खरीदने देने का काम किया। झामुमो सहित अन्य दल कांग्रेस के हाथों में बिक गए। मरांडी ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार ने कोयला, लोहा, सबकुछ लुटवाया। बालू तक को नहीं छोड़ा। काम के लिए बालू लेकर जाने लोगों पर एफआईआर किया जाता है। सरकार के लोग अपनी तिजोरी भरकर बालू को बाहर भेज रहे हैं। उन्होंने पहाड़ तक को समाप्त कर दिया है। सेना की जमीन तक को लूटा है। इसकी वजह से आज हेमंत सोरेन जेल में बंद है।

### भाजपा सरकार ने नक्सलियों पर नकेल कसा : वीडी राम



पलामू सांसद वीडी राम ने कहा भाजपा की नीति और कार्यक्रम में कोई भेदभाव नहीं होता है। योजनाओं का लाभ हर वर्ग और जाति के लोगों को मिलता है। वर्ष 2014 से पहले शाम 5 बजे के बाद क्षेत्र में डर और भय का वातावरण रहता था। भाजपा की सरकार आने पर नक्सलियों पर नकेल कसने का काम किया गया। आज निर्भय होकर लोग आते-जाते हैं। वर्तमान सरकार में चारों तरफ भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि वह पूर्व के अधूरे काम को पूरा करेंगे। ऐसा कोई काम नहीं करुंगा, जिससे क्षेत्र के लोगों का सिर झुक जाए। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, महामंत्री मनोज सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### विपक्षी दलों ने झारखंड के लोगों का हक लूटा : अमर बाउरी



नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि झारखंड के लोग 400 पर के नारे को मूर्त रूप देने का काम करें। झारखंड से 14 सीट एनडीए की झोली में डालें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस घुसपैठियों को आरक्षण देने की साजिश कर रही है। आपकी संपत्ति घुसपैठियों को देने के प्रयास में है। 13 मई को वोट एनडीए को वोट देकर उनके मनसूबे पर पानी फेर दे।

### लोहरदगा बनेगा विकसित क्षेत्र : समीर उरांव



एनडीए के लोहरदगा प्रत्याशी समीर उरांव ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने पर किसान, महिला, युवा सशक्त बनेंगे। उनके जीतने पर लोहरदगा विकसित होगा। वे बिरसा मुंडा के आदर्श पर चलकर लोकसभा क्षेत्र का विकास करेंगे।इस अवसर पर सांसद सुदर्शन भगत, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, महामंत्री मनोज सिंह, भाजपा युवा मोर्चा के शशांक राज, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह भी मौजूद थे।

# मतदाताओं को जागरूक करने स्थानीय भाषा के कार्टून फिल्मों का सहारा ले रही पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। एक तरफ जहां शांतिपूर्ण और सुरक्षित चुनाव संपन्न कराना पुलिस की जिम्मेदारी है, वहीं दूसरी तरफ पुलिस लोकतंत्र के महापर्व में हर कोई अपना योगदान दे इसके लिए भी जोरदार प्रयास कर रही है। पुलिस स्थानीय भाषाओं में कार्टून फिल्में तैयार कर लोगों को जागरूक कर रही है। झारखंड में चार चरणों में चुनाव होने हैं।



पहले चरण में 13 मई को चार संसदीय सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा तथा पलामू में मतदान होगा। वोटिंग प्रतिशत बढ़ सके, इसके लिए हर विभाग अपने-अपने तरह से प्रयास कर रहा है। झारखंड पुलिस भी अलग-अलग तरह से आम लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रही है। इसके लिए बाकायदा स्थानीय भाषा में कार्टून फिल्में भी बनाई गई हैं, जिसके माध्यम से लोगों तक लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने की अपील की जा रही है।

# झारखंड में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य में चार चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए संबंधित संसदीय क्षेत्रों व संबद्ध जिलों में निर्वाचन के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है। निर्धारित मतदान की तिथि को निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंटल एक्ट के तहत संबंधित लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों एवं गांडेय विधानसभा क्षेत्र में स्थित सभी सरकारी कार्यालय और सार्वजनिक प्रतिष्ठान मतदान की तिथि को बंद रहेंगे। इस दिन बैंक भी बंद रहेंगे। मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग के पत्र के बाद कार्मिक विभाग ने बुधवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है।

### झारखंड में 14 सीटों पर होगा चुनाव

| |
|---|
| **पहला चरण** |
| मतदानः 13 मई |
| लोकसभा सीटें: सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू |
| **दूसरा चरण** |
| मतदानः 20 मई |
| लोकसभा सीटें: चतरा, कोडरमा और हजारीबाग |
| **तीसरा चरण** |
| मतदानः 25 मई |
| लोकसभा सीटें: गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर |
| **चौथा चरण** |
| मतदानः 01 जून |
| लोकसभा सीटें: राजमहल, दुमका और गोड्डा |

# झारखंड के लोग खुद बनाते हैं अपनी राह : कल्पना सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने विदेश में रहकर पढ़ाई पूरी करने वाले छात्र संजय को बधाई दी है। उन्होंने बुधवार को ट्वीट कर लिखा है खूब बधाई। कोई भी विपत्ति आए झारखंडी अपनी राह खुद बनाता है। उस राह पर चलकर अपनी मंजिल को भी पाता है। क्योंकि, झारखंडियों ने कभी झुकना सीखा ही नहीं है। कल्पना ने लिखा है कि हेमंत सोरेन से जेल में अपनी अगली मुलाकात में मैं आपकी उपलब्धि के बारे में उन्हें जरूर बताऊंगी। वो आपकी इस उपलब्धि पर बहुत खुश होंगे। मुझे वह कहते थे कि झारखंड से 50 से अधिक आदिवासी, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज के युवा विदेश में सौ फीसदी सरकारी खर्चे पर पढ़ाई के लिए जा चुके हैं। कुछ की तो विदेश में ही नौकरी भी लग गयी है। वह यह भी कहते थे कि देखना जब यह युवा विदेश में नई-नई जानकारी सीखेंगे तो उसका उपयोग वह अपने लिए, अपने परिवार के लिए, अपने गांव के लिए, अपने समाज के लिए, अपने झारखंड के लिए और देश के लिए कर पाएंगे। अब झारखंड पीछे मुड़कर नहीं देखेगा, आगे बढ़ने का यह जो कारवां शुरू हुआ है, वह बढ़ता ही जायेगा।



# राजद के ममता भुइयां के नामांकन में लगे ढ़ाई घंटे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पलामू लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां ने पलामू समाहरणालय में अपना नामांकन किया। ममता भुइंयां को नामांकन करने में करीब ढाई घंटे का वक्त लगा। ममता भुइयां के नामांकन कार्यक्रम में बिहार पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के आने की जानकारी राजद नेताओं के द्वारा दी गई थी, लेकिन तेजस्वी नहीं आए, उनकी जगह अब्दुल बारी सिद्दीकी शामिल हुए। राजद प्रत्याशी के नामांकन में राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता में मौजूद थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के बारे में कहा कि 10 वर्षों तक सांसद का कार्यकाल रहा है, लेकिन सांसद ने ऐसा कुछ कार्य नहीं किया है। झूठा शासन और झूठे राशन की सरकार है, गांव के गरीब आज भी परेशान हैं। ममता भुइयां के नामांकन में देरी होने के सवाल पर मंत्री ने कहा कि सरकारी प्रक्रिया में देरी होती है। नामांकन पत्र में गड़बड़ी के सवाल पर उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है। उनके वकील उनके साथ में थे। मंत्री ने कहा कि चतरा से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी हैं। राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी नेता-कार्यकर्ता एकजूट होकर जीत दिलाने में लगे हैं। नामांकन को लेकर एक जनसभा मेदिनीनगर के हाउसिंग कॉलोनी मैदान में आयोजित हुआ। इस जनसभा में कांग्रेस, राजद, झारखंड मुक्ति मोर्चा, आप पार्टी के नेता शामिल हुए। जनसभा को राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, राजद के कद्दावर नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी, बिहार के विधायक वीरेंद्र सिंह, गौतम सागर राणा, कांग्रेस नेता अनंत प्रताप देव आदि मौजूद थे।



# सेवाओं से जुड़े सभी मतदाताओं के लिए सुगम मतदान सुनिश्चित कराएं : के रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बुधवार को निर्वाचन सदन से सभी जिलों के जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की।जिसमें सीईओ ने सभी जिला निवार्ची पदाधिकारी को निर्देश देते कहा कि निर्वाचन कार्य से जुड़े और वैसे मतदाता, जो आवश्यक सेवा यथा रेलवे, स्वास्थ्य, मीडिया, अग्निशमन आदि में कार्यरत हैं और वे मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहने के कारण मतदान केंद्र नहीं जा सकते, उन सभी मतदाताओं का फॉर्म 12 डी भरवाकर आवेदन ले लें एवं उनका पोस्टल बैलेट से मतदान सुनिश्चित कराएं। एक भी मतदाता,जो अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहते हों, वह अपने मतदान के अधिकार से वंचित न हों, इस ध्येय को लक्षित कर पदाधिकारी कार्य करें । उन्होंने कहा कि सभी जिलों के पोस्टल बैलेट कोषांग के पदाधिकारी अपने जिले की आवश्यक सेवाओं से जुड़े एवं मतदान कार्य में कार्यरत मतदाताओं से पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए विहित फॉर्म भरवाकर आवेदन ले लें अथवा वे स्वयं मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए इच्छुक हैं, वैसी स्थिति में उनकी/उनके संस्थान की प्रतिक्रिया लेते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए प्रारूप में प्रतिवेदन समर्पित करें। उन्होंने कहा कि रेलवे के सभी संबंधित पदाधिकारियों से निकट समन्वयन स्थापित कर सभी रेलकर्मियों, वेंडरों, कुलियों सहित अन्य लोगों को भी मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरूक करें साथ ही उनके सुगम मतदान के लिए आवश्यक प्रयास करें।



### बीहड़ के मतदान केंद्रों के आसपास वनरक्षी रहें सतर्क

**रांची।** राज्य के वन क्षेत्रों में अवस्थित मतदान केंद्रों पर सुगम ढंग से मतदान सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में चिह्नित वन क्षेत्र के मतदान केंद्रों के आस-पास मतदान दिवस के दिन मानव एवं वन्यजीव टकराव को रोकने का भरसक प्रयास करें। इसके लिए संबंधित मतदान केंद्र के आसपास के निवासियों को भी सचेत करें कि किसी अनहोनी की संभावना नहीं बने और सुगमता से लोग अपने मतदान केंद्रों पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि समय रहते स्थिति का आकलन कर संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ बेहतर ताल-मेल के साथ वन क्षेत्रों में मादक पदार्थों, शराब इत्यादि की आवाजाही पर रोक लगाएं एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## न्यूज बॉक्स



रांची। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता सुबोध कांत सहाय अपनी बेटी और रांची से कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय के साथ बुधवार को रांची लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने निकले। इस दौरान दोनों ने विजय चिन्ह बनाकर लोगों से आशीर्वाद मांगा।

### बाबूलाल मरांडी 25 को जाएंगे साहेबगंज

**रांची ।** रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 25 अप्रैल को साहेबगंज जाएंगे। वहां राजमहल लोकसभा कार्यालय का उद्घाटन करेंगे एवं कार्यकताओं के साथ बैठक करेंगे। मरांडी दुमका लोकसभा के सारठ विधानसभा स्थित ताराबाद स्कूल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। मरांडी के साथ संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा के सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा भी मौजूद रहेंगे।

### झारखंड हाई कोर्ट ने बीसीसीएल से पूछा, धनबाद में बंद पड़ी खदानों में क्यों हो रहा अवैध खनन

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने बीसीसीएल, धनबाद में बंद पड़ी खदानों से अवैध खनन रोकने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को की। कोर्ट ने बीसीसीएल के चेयरमैन को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि धनबाद क्षेत्र में बंद पड़ी खदानों से अवैध माइनिंग क्यों हो रही है? इस अवैध माइनिंग में कई लोगों की जान चली जाती है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या कार्रवाई की गई। इससे पहले याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2022 में बीसीसीएल धनबाद के क्षेत्र में एक ही दिन में 23 लोगों की मौत अवैध खनन के दौरान हुई थी। ऐसी दुर्घटना में मृत लोगों के परिजन समूह को लेकर भाग जाते हैं। मामले को लेकर ना तो प्राथमिकी दर्ज होती है और न ही अवैध खनन में मरे लोगों के परिजनों को मुआवजा मिलता है।

### आर्म्स एक्ट के एक मामले में साक्ष्य के अभाव में जयनाथ साहू बरी

**रांची।** ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट मान्या टंडन की अदालत ने बुधवार को कुख्यात अपराधी जयनाथ साहू को आर्म्स एक्ट के मामले में साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। यह मामला 25 वर्ष पुराना है, जिसमें रांची के लापुंग थाना में वर्ष 1999 में जयनाथ साहू के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पिछले वर्ष ही जयनाथ साहू ने रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर किया था। जब उसने सरेंडर किया था, तब उसके खिलाफ कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। पिछले एक वर्ष में साहू को कई मामलों में साक्ष्य के अभाव में रिहा किया जा चुका है।

### हेमलाल मुर्मू बने झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता

**रांची।** रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य हेमलाल मुर्मू को पार्टी का केन्द्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर बुधवार को हेमलाल मुर्मू को प्रवक्ता बनाया गया। इस संबंध में पार्टी के महासचिव विनोद कुमार पांडे ने पत्र जारी किया है। यह नियुक्ति पत्र निर्गत होने के समय से ही तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

### डीटीओ-एसएसपी से रांची में अवैध रूप से चल रहे डीजल ऑटो-टोटो का मांगा ब्यौरा

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में जनवरी 2022 में राजधानी के बिरसा चौक पर ऑटो से महिला की हुई मौत मामले में दाखिल शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। कोर्ट ने मामले में ट्रांसपोर्ट सेक्रेटरी को प्रतिवादी बनाया है। कोर्ट ने उनसे पूछा कि रांची शहर में जो डीजल ऑटो और टोटो चल रहे हैं उनके पॉल्यूशन सर्टिफिकेट, फिटनेस आदि की जांच के लिए क्या कार्रवाई हुई? ऑटो और टोटो चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस की जांच के लिए क्या कार्रवाई की जाती है। कोर्ट ने इन सारे बिंदुओं पर तीन सप्ताह में ट्रांसपोर्ट सेक्रेटरी से जवाब मांगा है। कोर्ट ने डीटीओ रांची एवं एसएसपी रांची को भी शपथ पत्र दाखिल कर शहर में अवैध रूप से चलने वाले डीजल ऑटो एवं टोटो के संबंध में जवाब मांगा है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान सरकार के अधिवक्ता श्रीनू गणपती को फटकार लगाते हुए मौखिक कहा कि कोर्ट अभी तुरंत आपके साथ चलकर रांची शहर में बगैर ड्राइविंग लाइसेंस वाले चालक को डीजल ऑटो एवं टोटो को चलाते हुए दिखा सकती है। कोर्ट ने कहा कि रांची शहर में छोटे-छोटे बच्चे डीजल ऑटो और टोटो चलाते हैं। वे अचानक कहीं भी गाड़ी को मोड़ देते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटना होती है।

## पृष्ठ एक के शेष

**झारखंड राज्य भाजपा की...**
मन नहीं भरा तो प्रतियोगिती परीक्षाओं को प्रश्न पत्र लीक कराकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। बाबूलाल मरांडी जनसभा को संबोधित करते हुए कहते कि ऐसे जेल नहीं जायेंगे तो कहां जायेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड के 23 साल के शासन में 13 साल भाजपा की सरकार रही है। कोई बता दे कि कोई मुख्य मंत्री पर किसी तरह का कोई आरोप लगा हो। इस बार सोच समझ कर वोट करें और वीडी राम को राज्य के विकास के लिए देश के विकास के लिए जीतायें।

**विकसित भारत, आदिवासियों के विकास व...**
कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी को सेवा दायित्व सौंपने का महापर्व हो रहा है। झारखंड की जनता 14 सीट पर एनडीए उम्मीदवार को विजय बनाकर भाजपा के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने में अपना पूरा आशीर्वाद दें। उन्होंने कहा कि झारखंड का नसीब चमकाने का यह पर्व है। इसमें चूकना नहीं है। विधानसभा चुनाव में भी जनता आशीर्वाद देगी तो यहां डबल इंजन की सरकार बनेगी। इसके बाद हर गारंटी के पूरी होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आदिवासियों के विकास पर पूरा फोकस कर रहे हैं। झारखंड के आदिवासी परिवार के विकास की गारंटी दी है। जिसे कोई नहीं पूछता है, उसे प्रधानमंत्री मोदी पूछते हैं। गरीबों को गरिमामय जीवन देने का काम उन्होंने किया है। गरीबों को कभी लोन नहीं मिलता था। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में उन्हें लोन दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में विकास का कार्य हुआ है। पूरे देश में 100 से अधिक वंदे भारत ट्रेन चल रही है, इसमें तीन ट्रेन झारखंड को भी मिली है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए भाजपा का सत्ता में आना जरूरी है।

**साहिबगंज में किशोरी और...**
लिए लिखित बयान लिए। पीड़ितों को कुछ लोगों पर शक है। एसडीपीओ ने घटनास्थल का भी जायजा लिया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह परिवार अनुमंडलीय अस्पताल के सामने नगर पंचायत की दुकान में होटल चलाता है। इसी दुकान की छत पर यह लोग सो रहे थे। एसडीपीओ त्रिपाठी का कहना है कि पीड़ितों ने जिन लोगों पर शक जताया है, उनकी तलाश की जा रही है।

**लातेहार में पंचायत सेवक रिश्वत...**
और योजना को क्लोज कर दिया जाएगा। परेशान होकर लाभुक ने इसकी शिकायत पलामू एसीबी की टीम से की। एसीबी की टीम ने पूरी मामले की छानबीन करने के बाद बुधवार को रुपये देकर लाभुक को पंचायत सेवक के पास भेजा। पंचायत सेवक ने जैसे ही पैसा लिया वैसे ही एसीबी की टीम ने उसे धर दबोचा। साथ ही आवश्यक छानबीन के पश्चात एसीबी की टीम ने आरोपित पंचायत सेवक को गिरफ्तार कर पलामू ले गई।

**रामगढ़ अंचल का स्टाफ 10 हजार...**
डिसमिल जमीन उन्होंने खरीदी है, जिसका दाखिल खारिज हो गया है। वर्ष 2016-17 तक का रसीद कटा हुआ है। उस जमीन को अपने नाम से ऑनलाइन चढ़ाने और ऑनलाइन रसीद निर्गत करने के लिए अंचल कार्यालय में उन्होंने आवेदन दिया था। एसपी ने बताया कि प्रेम शंकर मेहता ने कई बार कार्यालय के चक्कर लगाए लेकिन उनका काम नहीं हुआ। इसके बाद कार्यालय के स्टाफ अनिल कुमार महली ने उनसे 25 हजार रिश्वत के तौर पर मांगे। बाद में 10 हजार में यह डील हो गई, जिसका सत्यापन भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पदाधिकारी ने 23 अप्रैल को कराया। इसके बाद भी अंचल कार्यालय के स्टाफ अनिल कुमार महली ने यह कहा कि 10 हजार अभी देना होगा और बाकी पैसे काम होने के बाद देना होगा। बुधवार को जब एसीबी की टीम ने ट्रैप की तो अनिल कुमार महली जो रामगढ़ अंचल में चौकीदार के पद पर कार्यरत है, वह 10 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। चौकीदार ने यह बयान दिया कि यह रिश्वत राजस्व कर्मचारी अमित कुमार लोहरा से काम करने के लिए गए थे। बयान के आधार पर हल्का तीन के कार्यालय में तलाशी ली गई। यहां से जमीन की डीड, दाखिल खारिज तथा रसीद की छाया प्रति बरामद हुई। इस बिंदु पर अनुसंधान जारी है।

**रांची में बर्ड फ्लू की...**
कलिंग के लिए शीघ्र निर्णय लिया जा सके। साथ ही टीम की ओर से एपिसेंटर से 10 किलोमीटर की परिधि के क्षेत्र का मानचित्र बनाकर सर्विलांस जोन के रूप में चिन्हित करते हुए इस क्षेत्र में एवियन इंफ्लुएंजा की सघन निगरानी का कार्य भी किया जाएगा। उपायुक्त ने एहतियात के तौर पर रांची के होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र (संक्रमित क्षेत्र) से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा-मृत कुक्कुटों-कुक्कुट उत्पाद और अंडा की खरीद-बिक्री पर रोक लगाई गई है। साथ ही इनके परिवहन पर भी अगले आदेश तक रोक रहेगा।

# मोदी सरकार में बेची गई संपत्तियों का होगा सर्वे : राकेश सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने रांची के भाजपा सांसद संजय सेठ के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा चुनाव जनता के आशीर्वाद से नहीं ईवीएम के आशीर्वाद से जीतती रही है। भाजपा सांसद ने खुद इसे स्वीकार कर लिया है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि मोदी सरकार के दस सालों के दरम्यान दलित आदिवासी, बहुजन, अल्पसंख्यक और महिलाओं को केन्द्र सरकार की भारी नाइंसाफी का सामना करना पड़ा है । इन वर्षों में जातिगत भेदभाव और अत्याचार बढ़े हैं।

**जनता जान सके भाजपा के अनैतिक कार्य :** कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस देश की संपत्ति का सर्वे इसलिए करानी चाहती है ताकि देश की जनता को यह पता चल सके कि भाजपा ने अपने शासनकाल में देश की कितनी संपत्तियां बेची है। देश की जनता की गाढ़ी कमाई से कांग्रेस की सरकार ने जो सरकारी संपत्ति बनाई, उसे कैसे अपने पूंजीपति मित्रों के हवाले कर दिया और देश की जनता कंगाल होते चली गई इसकी जानकारी देशवासियों को होना जरूरी है। कांग्रेस इसलिए भी संपत्ति का सर्वे कराना चाहती है ताकि जनता यह जान सके कि भाजपा के नेताओं ने कैसे अनैतिक तरीके से अथाह संपतियां अर्जित की है।



**किसानों के बदले पूंजीपतियों का किया कर्ज माफ :** कांग्रेस नेता राकेश सिंहा ने कहा कि 16 लाख करोड़ रुपये पूंजीपतियों का कर्ज माफ क्यों किया गया। इसका जवाब संजय सेठ को देना चाहिए। मोदी ने जितनी राशि अपने पूंजीपति मित्रों का माफ किया, उससे दस करोड़ अन्नदाता किसान परिवार का कर्ज माफ किया जा सकता था और किसानों की आत्महत्या नहीं करना पड़ता। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा सांसद संजय सेठ को महंगाई और बेरोजगारी पर बात करनी चाहिए, इन दस सालों में प्रधानमंत्री ने देश को गर्त में पहुंचा दिया। संजय सेठ यह बताएं कि अपने पांच साल के कार्यकाल में कभी भी सदन में महंगाई, बेरोजगारी, सरना धर्म कोड, ओबीसी को 27 प्रतिशत का आरक्षण की आवाज लोकसभा में क्यों नहीं उठाई.अगर इन मुद्दों को उन्होंने सदन में उठाया है तो राज्य की जनता के समक्ष प्रमाण देना चाहिए।






# 2024 के चुनाव में 2019 का रिकॉर्ड टूटने की संभावना

## नेपाल में उपचुनाव और भारत में दूसरे चरण के मतदान के मद्देनजर सीमा सील

**काठमांडू।** नेपाल और भारत के सीमावर्ती शहरों के पुलिस और प्रशासन की संयुक्त बैठक में अन्तरराष्ट्रीय सीमा को सील किए जाने का निर्णय किया गया है। नेपाल के पूर्वी शहर इलाम में होने वाले उपचुनाव और भारत में होने वाले दूसरे चरण के मतदान को लेकर पूर्वी सीमा को बुधवार की मध्यरात्रि से सील किया जा रहा है। नेपाल के गृहसचिव एकनारायण अर्याल ने 26 अप्रैल को भारत में होने वाले दूसरे चरण के मतदान और 27 अप्रैल को इलाम में होने वाले संसदीय उपचुनाव के मद्देनजर सुरक्षा संवेदनशीलता को ध्यान में रख कर सीमा सील करने का निर्णय किया गया है। दूसरे चरण में बिहार के किशनगंज, पूर्णिया क्षेत्र में होने के कारण जोगबनी विराटनगर के अलावा मोरंग और सुनसरी जिले के सभी नाका सील किया जा रहा है। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में होने वाले चुनाव के मद्देनजर काकडभिट्टा का नाका बन्द किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नेपाल के इलाम के लिए हो रहे उपचुनाव के कारण झापा जिले के नाकाओं को सील किया जाएगा।

## 2019 का लोस चुनाव था भारत के इतिहास का सबसे महंगा

**-ब्यूरो। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव 2024 का प्रचार अभियान अपने चरम पर है। सोशल मीडिया से लगायत समाचार पत्रों तक में चुनावी विज्ञापन धंधा व संबंध के हिसाब से दिखने लगे हैं। देश की महाशक्तिशाली सत्ताधारी पार्टी भाजपा व प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस बीते तीन महीनों में यूट्यूब पर लगभग 150 चुनावी गीत रिलीज कर चुके हैं। 30 दिन में राष्ट्रीय अखबारों के दिल्ली संस्करण में भाजपा व कांग्रेस ने कुल 52 विज्ञापन दिए हैं। डिजिटल विज्ञापनों पर भी करोड़ों के विज्ञापन दिये जा रहे हैं। सीएसडीएस-लोकनीति ने चुनावी गीतों और विज्ञापनों का विश्लेषण किया है। जिसमें आया है कि 1 जनवरी, 2024 से 10 अप्रैल, 2024 के बीच भाजपा के पक्ष में 70 और कांग्रेस के पक्ष में 80 गाने यूट्यूब पर अपलोड किए गए हैं। गानों को पार्टी के आधिकारिक यूट्यूब चैनल, उम्मीदवारों के आधिकारिक चैनल और पार्टी समर्थकों के स्वतंत्र यूट्यूब चैनलों द्वारा पोस्ट किया गया है।कांग्रेस के पक्ष वाले 9 प्रतिशत गाने उसके आधिकारिक यूट्यूब चैनल से अपलोड किए गए हैं, वहीं भाजपा के लिए यह आंकड़ा 16 प्रतिशत है।

जहां भाजपा के गाने विपक्ष की आलोचना पर कम और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और सुशासन पर गर्व करने पर अधिक केंद्रित हैं, वहीं कांग्रेस ने वर्तमान सरकार पर देश को लूटने और जनता को दुखी जीवन जीने के लिए छोड़ देने का आरोप लगाकर जनता का समर्थन हासिल करने की कोशिश की है। ऐसे गीतों में सत्तारूढ़ सरकार को 'लोकतंत्र के विध्वंसक' और 'गद्दारों की सरकार' कहकर आलोचना की गई।

विश्लेषण से पता चलता है कि भाजपा के 72 प्रतिशत गानों में धार्मिक संकेत हैं। वहीं कांग्रेस के लिए यह आंकड़ा 10 प्रतिशत है। कांग्रेस के गानों में पार्टी पर अधिक फोकस है, जबकि भाजपा के गानों में व्यक्ति को केंद्र में रखा गया है। कांग्रेस के पक्ष में बने गानों की वीडियो में महिलाओं, युवाओं और विद्यार्थियों को अधिक दिखाया गया है। जबकि भाजपा समर्थक वीडियो में हिंदुओं, बुजुर्गों, किसानों पर अधिक फोकस है।

| सोर्स | कांग्रेस | भाजपा |
|---|---|---|
| आधिकारिक यूट्यूब चैनल | 9% | 16% |
| उम्मीदवारों के आधिकारिक यूट्यूब चैनल | 3% | 3% |
| पार्टी समर्थकों के स्वतंत्र यूट्यूब चैनल | 89% | 81% |

| पार्टी | गीत में किन नारों पर जोर |
|---|---|
| भाजपा | मोदी है तो मुमकिन है, मोदी की गारंटी, आ गया है राम राज |
| कांग्रेस | इंदिरा-राजीव ने देश की खातिर जान गंवाई, नेहरू सी सोच है, देश की धड़कन राहुल, हर बहन का भाई राहुल, भारत की तकदीर राहुल, राहुल गांधी हूं मैं, नेता नहीं देश का बेटा बन कर आऊंगा |

### अंग्रेजी अखबारों में भी हिंदी विज्ञापन

सीएसडीएस-लोकनीति द्वारा किया गया एक अन्य अध्ययन लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा और कांग्रेस के प्रिंट मीडिया विज्ञापन अभियानों पर प्रकाश डालता है। यह विश्लेषण 20 मार्च से 20 अप्रैल, 2024 तक एक महीने तक चला, जिसमें 11 डेली न्यूज पेपर (दिल्ली संस्करण) शामिल थे। छह अंग्रेजी और पांच हिंदी अखबार। इस अवधि के दौरान कुल मिलाकर 52 विज्ञापन प्रकाशित हुए, जिनमें 25 कांग्रेस के और 27 भाजपा के थे। ज्यादातर विज्ञापन हिंदी में थे, चाहे वे किसी भी भाषा के समाचार पत्र में छपे हों।

| फोकस | कांग्रेस | भाजपा |
|---|---|---|
| पार्टी | 91% | 29% |
| व्यक्ति | 9% | 71% |

### किस को कितना विज्ञापन?

भाजपा और कांग्रेस ने सबसे ज्यादा विज्ञापन राजस्थान पत्रिका को दिया है। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर दैनिक भास्कर और तीसरे नंबर पर टाइम्स ऑफ इंडिया है।

| टारगेट ग्रुप | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| महिला | 54% | 72% |
| युवा | 40% | 58% |
| हिंदू | 27% | 6% |
| मुस्लिम | 7% | 11% |
| बुजुर्ग | 36% | 33% |
| किसान | 30% | 23% |
| गरीब | 11% | 8% |
| गांव | 29% | 49% |
| शहर | 30% | 59% |
| विद्यार्थी | 26% | 46% |

| | कांग्रेस | भाजपा |
|---|---|---|
| विज्ञापनों का प्रतिशत | 48 | 52 |
| हिंदी विज्ञापनों का प्रतिशत | 76 | 89 |
| अंग्रेजी विज्ञापनों का प्रतिशत | 24 | 11 |
| सकारात्मक टोन वाले विज्ञापनों का प्रतिशत | 40 | 100 |
| नकारात्मक टोन वाले विज्ञापनों का प्रतिशत | 60 | - |
| राज्यों को ध्यान में रखकर निकाले गए विज्ञापनों का प्रतिशत | 8 | 30 |
| राष्ट्रीय नेताओं को केंद्र में रखकर निकाले गए विज्ञापनों का प्रतिशत | 28 | 66 |

### डिजिटल पर?

भाजपा ने सीएसडीएस-लोकनीति के अध्ययन की अवधि के दौरान गूगल पर एक लाख से अधिक विज्ञापन पोस्ट करने में 17 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए, जबकि कांग्रेस ने 2500+ विज्ञापन पोस्ट करने में 13 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए।

कांग्रेस अपने अभियान के लिए आक्रमण रणनीति अपना रही, समाधान प्रस्तुत करने के बजाय समस्याओं को उजागर करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। भाजपा के विपरीत, कांग्रेस भविष्य की एक सम्मोहक कहानी पेश करने में विफल रही है। कांग्रेस ने मतदाताओं के बीच भावनाएं जगाने के लिए धर्म और राष्ट्रवाद जैसे विषयों का इस्तेमाल करने से परहेज किया है। विज्ञापनों के माध्यम से भाजपा, कांग्रेस को बुरा बता रही है। कांग्रेस, भाजपा को खराब बता रही। दोनों दल खुद को गरीब हितैषी बताते हुए विज्ञापन पर पैसा बहा रहे हैं। पिछला आम चुनाव भारत के इतिहास का सबसे महंगा चुनाव था। इस चुनाव में पिछले रिकॉर्ड के टूटने की संभावना है। शायद इन्हीं वजहों से राजनीति को लेकर पत्रकार और सोशलिस्ट नेता ऑस्कर अमेरिंगर का मानना था कि यह एक-दूसरे से रक्षा करने का वादा कर, गरीबों से वोट और अमीरों से अभियान के लिए धन पाने की एक कला है।

**मोदी सरकार ने प्रिंट विज्ञापन पर 967.46 करोड़ किए खर्च**

नरेंद्र मोदी सरकार ने 2019-20 से 2023-24 के बीच प्रिंट मीडिया पर विज्ञापन देने में 967.46 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने संसद में दी थी।

# पित्रोदा के 'विरासत टैक्स' से कांग्रेस ने किया किनारा, भाजपा हमलावर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने विरासत टैक्स पर बयान दिया है। चुनावी मौसम में इस मुद्दे पर पहले ही विवाद हो रहा है। सैम के ताजा बयान पर चौतरफा हमला शुरू हो गया है। इसके बाद कांग्रेस ने सैम पित्रोदा से किनारा कर लिया है। पार्टी का कहना है कि ऐसा नहीं है कि पित्रोदा के विचार हमेशा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को दशार्ते हैं। कई बार उनके विचार कांग्रेस पार्टी के विचार नहीं होते हैं। गौरतलब है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पिछले दिनों कहा था कि अगर उनकी सरकार आई तो वित्तीय और संस्थानिक सर्वे कराएंगे। हम ये पता लगाएंगे कि देश की दौलत किसके पास है। इसके बाद हम ऐतिहासिक कदम उठाएंगे। हम क्रांतिकारी कदम उठाते हुए ये सुनिश्चित करेंगे कि आपका अधिकार आपको मिले। उनके इस बयान पर सैम पित्रोदा ने अमेरिका के विरासत टैक्स का जिक्र किया। पित्रोदा के मुताबिक अमेरिका में 55 फीसदी विरासत टैक्स लगता है। किसी व्यक्ति के मौत के बाद सरकार उसके संपत्ति का 55 फीसदी हिस्सा ले लेती है और शेष 45 फीसदी उसके वारिश को मिलता है। अगर किसी व्यक्ति के पास 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति है तो उसके मरने के बाद 45 फीसदी संपत्ति उसके बच्चों को और 55 फीसदी पर सरकार का अधिकार होता है। उन्होंने कहा कि भारत में ऐसा कानून नहीं है। ऐसे मुद्दों पर चर्चा करनी चाहिए।




**कांग्रेस लगातार कह रही है ऐसी पॉलिसी बनाएंगे जिससे संपत्ति का समान वितरण होगा**

**सैम पित्रोदा के विचार हमेशा कांग्रेस के विचार को नहीं दशार्ते : जयराम रमेश**

### टिप्पणियों को सनसनीखेज बना उन्हें संदर्भ से बाहर करना भाजपा की शरारत

इस बयान पर टिप्पणी करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा पित्रोदा के विचार हमेशा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचार को नहीं दशार्ते हैं। कई बार उनके जो विचार होते हैं वह कांग्रेस पार्टी का आधिकारिक रुख नहीं होते हैं। रमेश ने कहा कि उनकी टिप्पणियों को सनसनीखेज बनाना और उन्हें संदर्भ से बाहर करना भाजपा के दुर्भावनापूर्ण और शरारती चुनाव अभियान से ध्यान हटाने का जानबूझकर किया गया प्रयास है। यह प्रयास केवल झूठ और अधिक झूठ पर आधारित है। रमेश ने कहा कि सैम मेरे सहित दुनिया में कई लोगों के गुरु, मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक रहे हैं। उन्होंने भारत के विकास में असंख्य, स्थायी योगदान दिया है। वह इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष हैं।

### सैम पित्रोदा के बयान से पूरी तरह बेनकाब हो गई कांग्रेस : शाह

अमित शाह ने सैम पित्रोदा के 'विरासत टैक्स' को लेकर दिए गए बयान की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि धन पुनर्वितरण और विरासत टैक्स पर सैम पित्रोदा के बयान से आज कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति उजागर हो गई है। इससे कांग्रेस पूरी तरह बेनकाब हो गई है और देश की जनता को इसके खिलाफ आवाज मुखर करनी चाहिए। शाह ने कहा कि सैम पित्रोदा के बयान ने कांग्रेस का मकसद साफ और स्पष्ट कर दिया है कि वह बहुसंख्यकों की संपत्ति को जब्त कर इसे अल्पसंख्यकों के बीच वितरित करने का इरादा रखती है।

## मतदाताओं को धमकाने के लिए आयोग ने तृणमूल विधायक को थमाया कारण बताओ नोटिस

**कोलकाता।** मतदाताओं को डराने-धमकाने के आरोप में भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने बुधवार को चोपड़ा विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस विधायक हमीदुल रहमान को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। चोपड़ा दार्जिलिंग लोकसभा के अंतर्गत आने वाले सात विधानसभा क्षेत्रों में से एक है, जहां 26 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान होना है। आयोग ने रहमान को 25 अप्रैल तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी पश्चिम बंगाल के कार्यालय में नोटिस का जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। सीईओ कार्यालय के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि हाल ही में आयोग के संज्ञान में यह लाया गया था कि रहमान को एक सार्वजनिक सभा में मतदाताओं को डराते हुए देखा गया। उन्होंने कथित तौर पर सीएपीएफ कर्मियों के राज्य छोड़ने के बाद उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। विधायक हमीदुल को यह कहते हुए सुना गया, अपना बहुमूल्य वोट बर्बाद मत करो। कोई भी गलत खेल मत खेलो, चुनाव खत्म होने के बाद केंद्रीय बल राज्य छोड़ देंगे, फिर तुम्हें हमारी फोर्स से ही निपटना होगा, फिर मत रोना।"

# कभी नहीं कहा संपत्ति बांटेंगे, हम देश में जातीय जनगणना कराएंगे : राहुल गांधी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा की ओर से लगातार आलोचना की शिकार कांग्रेस पार्टी और उनके नेता राहुल गांधी संपत्ति पुनर्वितरण पर पीछे हटते दिखाई दे रहे हैं। सैम पित्रोदा के बयान के बाद कांग्रेस पार्टी लगातार स्पष्टीकरण दे रही है। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज कहा कि उन्होंने कभी नहीं कहा कि हम संपत्ति बंटवारे पर कार्रवाई करेंगे लेकिन हम देश में जातीय जनगणना का काम कराएंगे।

जवाहर भवन में आयोजित सामाजिक न्याय सम्मेलन में राहुल ने यह बात कही। राहुल ने कहा कि उन्हें जाति में नहीं, बल्कि 'न्याय' में दिलचस्पी है लेकिन जानकारी के लिए जातीय जनगणना जरूरी है ताकि पता चल सके कि कितना अन्याय हुआ है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना मेरे लिए राजनीति का मुद्दा नहीं है, ये मेरे जीवन का मिशन है।

राहुल ने कहा कि जातिगत जनगणना एक सर्वेक्षण नहीं है। इसमें आर्थिक और संस्थागत घटक भी शामिल किए जाएंगे। जिससे पता चल सके कि कौन सा समुदाय सबसे ज्यादा लाभांवित है ओर आर्थिक सामाजिक न्याय के लिए क्या करने की जरूरत है। इनका कहना है कि हिंदुस्तान के 90 प्रतिशत लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री 10 साल से कह रहे थे कि वे ओबीसी हैं लेकिन जैसे ही मैंने जातिगत जनगणना की बात की वे कहते हैं हिंदुस्तान में सिर्फ दो ही जाति हैं, अमीर और गरीब। राहुल गांधी ने कहा कि मैं कह रहा हूं कि अगर आप गरीबों की लिस्ट देखेंगे तो उसमें आपको एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के लोग मिल जाएंगे, लेकिन, अमीरों के लिस्ट में आपको एक भी नहीं मिलेंगे। राहुल ने कहा के देश के हाईकोर्ट में 650 जज हैं लेकिन 90 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व 100 जजों द्वारा किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट में यह आंकड़ा भी नदारद है। राहुल ने यह भी कहा कि हिंदुस्तान की मीडिया और बड़ी कंपनियों के मालिकों या न्यूज एंकरों की लिस्ट में एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग का कोई नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत लोगों के हाथ में 'माइक' है ही नहीं।



### बिलासपुर : सकरी में राहुल गांधी की चुनावी सभा 29 को

**बिलासपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी 29 अप्रैल को बिलासपुर जिले के दौरे पर आएंगे। गांधी कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव के लिए चुनाव प्रचार करेंगे और सकरी स्थित सिंचाई कॉलोनी मैदान उनकी आमसभा होगी। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, महापौर रामशरण यादव, प्रवक्ता ऋषि पांडेय ने आज बुधवार को मैदान का निरीक्षण कर इसका चयन किया, जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति भी ले ली गई है।

# बिहार में दूसरे चरण की 5 सीटों पर कांटे का संघर्ष

**एजेंसी। पटना**

बिहार में दूसरे चरण के चुनाव में किशनगंज, पूर्णिया, बांका, भागलपुर और कटिहार के मतदाता 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन सीटों को अपने पक्ष में करने को लेकर सभी दलों ने अपनी ताकत झोंक दी है। इन पांच सीटों में से सीमांचल की किशनगंज और पूर्णिया में त्रिकोणात्मक मुकाबला देखने को मिल रहा है जबकि अन्य तीन सीटों पर एनडीए और महागठबंधन के बीच सीधा मुकाबला है।

इस चरण में महागठबंधन की ओर जहां कांग्रेस के तीन प्रत्याशी चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं, वहीं राजद के दो प्रत्याशी कड़े संघर्ष में दिख रहे हैं।

एनडीए की ओर से सभी पांच सीटों पर जदयू के प्रत्याशी चुनावी रण में हैं। मुस्लिम बहुल किशनगंज में मुकाबला दिलचस्प है। यहां कांग्रेस से निवर्तमान सांसद मोहम्मद जावेद, जदयू के मुजाहिद आलम और एआईएमआईएम उम्मीदवार अख्तरुल ईमान के बीच है।

एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी भी यहां आकर रैलियां कर चुके हैं। ऐसे में यहां मुकाबला त्रिकोणीय बन गया है। वैसे माना यही जा रहा है कि यहां किसी को आसानी से जीत नहीं मिलने वाली।

भागलपुर में जदयू के अजय मंडल का सीधा मुकाबला कांग्रेस के अजीत शर्मा से है। शर्मा अजय मंडल को कड़ी टक्कर दे रहे हैं लेकिन एनडीए भागलपुर में पूरा जोर लगाए हुए है।

# ईवीएम व वीवीपीएटी से शत-प्रतिशत मिलान पर फैसला सुरक्षित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ईवीएम का वीवीपीएटी से शत-प्रतिशत मिलान के मामले पर उप चुनाव आयुक्त नीतेश व्यास ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया।

निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि माइक्रो कंट्रोलर में कंट्रोल यूनिट, बटन यूनिट और वीवीपीएटी होता है। तीनों को बस एक ही बार प्रोग्राम किया जा सकता है। कंट्रोलर को बाहर से प्रभावित नहीं कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि आंकड़ा 45 दिन सुरक्षित रखा जाता है। सिंबल लोडिंग के सवाल पर नीतेश व्यास ने कहा कि सिंबल लोडिंग के लिए निर्वाचन आयोग और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स ही दो निमार्ता हैं। तब जस्टिस संजीव खन्ना ने पूछा कि क्या आप और अधिक निमार्ताओं से अधिक सिंबल लोडिंग यूनिट ले सकते हैं। तब नीतेश व्यास ने कहा कि सामान की उपलब्धता के लिए ज्यादा समय नहीं लगेगा लेकिन इन मशीनों को बनाने में एक महीने का वक्त लग जाएगा।




कोर्ट की ओर से ईवीएम को सील करने के स्पष्टीकरण पर निर्वाचन आयोग ने बताया कि जब नियंत्रण इकाई मतदान का डेटा संग्रहीत कर लेती है तो इसे सील कर दिया जाता है। वीवीपीएटी को भी सील कर दिया जाता है और उसके बाद सभी मतदान एजेंटों से हस्ताक्षर लिए जाते हैं। सुनवाई के दौरान वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि हर माइक्रो कंट्रोलर में एक फ़्लैश मेमोरी होती है। यह कहना ठीक नहीं होगा कि फ़्लैश मेमोरी में कोई दूसरा प्रोगाम फीड नहीं किया जा सकता। तब जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि हमें निर्वाचन आयोग ने बताया कि फ्लैश मेमोरी में कोई दूसरा प्रोग्राम फीड नहीं किया जा सकता।

उनका कहना है कि वो फ्लैश मेमोरी में कोई प्रोगाम अपलोड नहीं करते बल्कि चुनाव चिह्न अपलोड करते हैं, जो इमेज के रूप में होता है। जब हमने निर्वाचन आयोग से ये सब सवाल पूछा है तो हमें तकनीकी चीजों के लिए आयोग पर यकीन करना ही होगा। प्रशांत भूषण ने कहा कि वो भी तो चुनाव चिह्न के साथ साथ कोई गलत प्रोग्राम तो अपलोड कर सकते हैं। मेरा अंदेशा उस बात को लेकर है। इस पर कोर्ट ने कहा कि हम आपकी दलील को समझ गए। हम अपने फैसले में इसका ध्यान रखेंगे।

जस्टिस दीपांकर दत्ता ने प्रशांत भूषण से कहा कि क्या हम संदेह के आधार पर कोई आदेश जारी कर सकते हैं। जिस रिपोर्ट पर आप भरोसा कर रहे हैं, उसमें कहा गया है कि अभी तक हैकिंग की कोई घटना नहीं हुई है। हम किसी दूसरे संवैधानिक अथॉरिटी को नियंत्रित नहीं करते है। हम चुनावों को नियंत्रित नहीं कर सकते।

### इलेक्टोरल बांड को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दाखिल

इलेक्टोरल बांड को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दाखिल की गई है। याचिका में मांग की गई है कि इलेक्टोरल बांड के रूप में दिये गए चंदे की कोर्ट की निगरानी में एसआईटी से जांच कराई जाए। याचिका कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन की ओर से वकील प्रशांत भूषण ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि इलेक्टोरल बांड के जरिए कॉरपोरेट्स और राजनीतिक दलों के बीच कथित क्विड प्रो क्यो यानी बदले में दी जाने वाली व्यवस्था की जांच की जाए। याचिका में कहा गया था कि चुनावी बांड मामले में करोड़ों रुपये का घोटाला किया गया है, जिसे सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र जांच के जरिए ही उजागर किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि 15 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बांड को असंवैधानिक करार दिया था। 21 मार्च को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने इलेक्टोरल बांड की पूरी जानकारी उपलब्ध करा दी थी।